

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, मंगलवार | 08 अक्टूबर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 146 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## भारत ने सदैव फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई,

# मुइज्जू के सामने ढट मोदी ने गिनवा दिए मालदीव को किए सारे एहसान

भारत ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है ।चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो,



एजेंसी

नई दिल्ली:प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है। भारत ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। हमने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त, हमने डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सब मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि चाहे मालदीव के लोगों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, या कोविड के दौरान टीके पहुंचाना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देवी दुर्गा की स्तुति में लिखा गरबा गीत साझा किया

नई दिल्ली:प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक गरबा गीत साझा किया, जिसे उन्होंने देवी दुर्गा की स्तुति के लिए स्वयं लिखा था। मोदी ने एक्स पर लिखा, मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े लोग नवरात्रि के शुभ अवसर पर अलग-अलग तरीकों से यह उत्सव मना रहे हैं। श्रद्धा और आनंद की इसी भावना में ह्यआवती कलायह्न गरबा पेश है जो मैंने उनकी शक्ति और कृपा के लिए उनकी स्तुति के रूप में लिखा है। उनका आशीर्वाद हमेशा हम पर बना रहे ।उन्होंने गरबा गीत गाने और इसकी इतनी मधुर प्रस्तुति के लिए पूर्वा मंत्री को धन्यवाद दिया और उन्हें एक प्रतिभाशाली उभरती गायिका बताया। गरबा एक पारंपरिक गुजराती नृत्य है जो विशेष रूप से नवरात्रि उत्सव के दौरान किया जाता है ।गरबा गीत गाने और इसकी इतनी मधुर प्रस्तुति के लिए पूर्वा मंत्री को धन्यवाद दिया और उन्हें एक प्रतिभाशाली उभरती गायिका बताया।

### ब्रीफ न्यूज

## विधानसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत की जाएगी: आतिशी,



एजेंसी

नई दिल्ली:दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सड़क मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों को फिर से शुरू करेगी, जिन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर बाधित किया था ।आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 89 क्षतिग्रस्त पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) सड़कों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत की जाएगी ।उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 टेंडर जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नेताओं ने कई निरीक्षणों के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 को पहले ही भरा जा चुका है ।संवाददाता सम्मेलन को केजरीवाल ने भी संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा, जब मैं जेल में था, तो इन लोगों (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के कई काम रोक दिए थे।

## फिर बोले गृह मंत्री अमित शाह, मार्च 2026 तक पूरी तरह खत्म होगा वामपंथी उग्रवाद



एजेंसी

नईदिल्ली:केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा और विकास की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी और पूरी टीम को बधाई देता हूं क्योंकि जनवरी से अब तक 194 नक्सली मारे गए हैं, 801 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 742 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को देश से खत्म किया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दस वर्षों में 3590 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। पिछले 10 वर्षों में 544 सुदृढ़ पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सड़क नेटवर्क 2,090 किमी था, पिछले 10 वर्षों में सड़क नेटवर्क बढ़कर 11,500 किमी हो गया है। पिछले 10 वर्षों में 15,300 मोबाइल टावर लगाए गए हैं और उनमें से 5139 टावरों को 4जी कनेक्शन दिए गए हैं ।गृह मंत्री ने कहा कि हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7700 हो गई हैं और अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी।

**अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।**

## रतन टाटा की तबीयत बिगड़ी, मुंबई में अस्पताल में भर्ती, अब खुद दिया बड़ा अपडेट



एजेंसी

नई दिल्ली:टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को सोमवार तड़के ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया। उद्योगपति को एक परोपकारी व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है, उन्हें नियमित चिकित्सा जांच के लिए ले जाया गया। हालाँकि, सभी अफवाहों को खारिज करते हुए, रतन टाटा ने भी एक्स को संबोधित किया और कहा कि मैं अपने स्वास्थ्य के संबंध में चल रही हालिया अफवाहों से अवगत हूं और सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं। मैं वर्तमान में अपनी उम्र और संबंधित चिकित्सीय स्थितियों के कारण चिकित्सा जांच से गुजर रहा हूं ।रतन टाटा ने आगे कहा कि चिंता का कोई कारण नहीं है। मैं अच्छे मूड में हूं और अनुरोध करता हूं कि जनता और मीडिया सम्मानपूर्वक गलत सूचना फैलाने से बचें। हाल ही में रतन टाटा (86) को सोमवार को प्रतिष्ठित ड्क्रर ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह मुंबई में उनके आवास पर आयोजित किया गया, जो सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण मान्यता है।

## सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली:लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करने की जरूरत पर बल दिया। बिरला ने कहा, हम सत्य व नैतिकता से ओत-प्रोत चरित्रवान एवं देशभक्त समाज की स्थापना न कर पाए तो हम देश को जिस वैभव तक ले जाना चाहते हैं, वह सम्भव नहीं हो पाएगा ।बिरला ने कहा इसलिए इस चिंता को दूर करने के लिए सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है ।ह्व बिरला परमशक्ति पीठ द्वारा संचालित वात्सल्य ग्राम में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर



पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ।लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि धन की कमी पूरी की जा सकती है लेकिन अगर सत्य और नैतिकता पर आधारित समाज नहीं होगा तो हम देश को उस वैभव तक नहीं ले जा सकते, जिसके लिए हमारे यहां कामना की जाती है।

## देवी-देवताओं, महापुरुषों का अपमान अस्वीकार्य, दोषियों को मिलेगी सजा: योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

लखनऊ। अक्टूबर और नवंबर का महीना तीज-त्योहारों से भरा रहेगा। इसको लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है तो पुलिस के आलाधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चिंतित हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लॉ एंड आर्डर को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक



नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता ।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी।

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले बीजेपी को लगा झटका, हर्षवर्द्धन पाटिल शरद पवार की पार्टी में शामिल हुए

एजेंसी

महाराष्ट्र:महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले, राज्य भाजपा इकाई को एक बड़ा झटका लगा जब पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता हर्षवर्द्धन पाटिल आज (7 अक्टूबर) शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट में शामिल हो गए। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने उनका स्वागत किया, क्योंकि शरद ने राकांपा (सपा) के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। गौरतलब है कि भाजपा के एक प्रमुख नेता पाटिल ने सबसे पहले इंदापुर विधानसभा सीट पर पार्टी के साथ मतभेद



के बाद राकांपा (सपा) में प्रवेश की पुष्टि की थी, जो वर्तमान में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को आवंटित की गई है ।इससे पहले, शरद पवार खेमे में शामिल होने के बारे में मीडिया को अपने फैसले के बारे में विस्तार से बताते हुए पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ें। उन्होंने मुझसे कहा कि चूंकि मेरे समर्थक चाहते हैं कि मैं इंदापुर से चुनाव लड़ूं, इसलिए मुझे फैसला करना चाहिए। मैंने उनसे बात की और फिर पार्टी में शामिल होने के फैसले पर पहुंचा। गौरतलब है कि ऐसी उम्मीद है कि पाटिल राकांपा (सपा) के टिकट पर अपने गृह क्षेत्र इंदापुर से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और वर्तमान विधायक दत्तात्रेय भरणे से होगा।

## जरूरत नहीं भी पड़ी तब भी PDP को लेंगे साथ, फारूक ने परिणामों से पहले महबूबा मुफ़्ती का दिल से किया शुक्रिया अदा

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर:जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर हमें जरूरत नहीं भी पड़ी तब भी हम (पीडीपी का) साथ लेंगे क्योंकि हमें इकट्ठे चलना है। इस रियासत को बचाने लिए सबको कोशिश करनी है। मैं उनका (महबूबा मुफ़्ती) दिल से शुक्रिया करता हूं। हम लोग इकट्ठे रियासत को बनाने की कोशिश करेंगे। इससे पहले श्रीनगर के लाल चौक विधानसभा क्षेत्र से पीडीपी के उम्मीदवार जुहैव युसूफ मीर ने संकेत दिए थे कि भाजपा को





सत्ता से बाहर रखने के लिए उनकी पार्टी कांग्रेस-नेकां गठबंधन में शामिल हो सकती है और यह भी कहा था कि वह कश्मीर की पहचान को बचाने के लिए इकट्ठे हो सकते हैं कि जहां तक एग्जिट पोल का संबंध है तो वह गंभीर नहीं है, यह एक टाइम पास गतिविधि है ।बीजेपी के साथ जाने की खबरों पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि म भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं।

## गिरिराज सिंह का आरोप, इस्लामिक कानूनों का पालन कर रही सोरेन सरकार रविवार की बजाय शुक्रवार को बंद रहते हैं स्कूल



एजेंसी

झारखंड में इस साल चुनाव होने है। भाजपा राज्य में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा दावा किया है। गिरिराज सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार पर इस्लामिक कानूनों को लागू करने का आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने अपने बयान में कहा कि आपने देखा होगा झारखंड में एक मुद्दा उठा और उसके बाद कई राज्यों में वही मुद्दा देखने को मिला। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में इस्लामिक कानूनों का पालन किया जा रहा है ।भाजपा नेता ने आगे कहा कि स्कूल रविवार के बजाय शुक्रवार को बंद रहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी आबादी 44% से घटकर 28% हो गई है। इसलिए झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम में एनआरसी की जरूरत है। हालांकि, इसकी जरूरत पूरे देश में है। इससे पहले कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करेगी, उन्होंने दावा किया कि सीएम सोरेन राज्य में घुसपैठियों का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता रजिस्टर बनाया जाएगा और विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। अपने बयान में शिवराज ने कहा कि बीजेपी अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करने जा रही है। यह चुनाव सिर्फ किसी को सीएम बनाने या सत्तासीन करने का नहीं है, बल्कि यह झारखंड को बचाने का है।

## शीला दीक्षित का प्रचार, केजरीवाल-भाजपा पर वार, दिल्ली में 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्लीःकांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अगले साल 14 जनवरी से 30 मार्च के बीच मणिपुर से महाराष्ट्र तक राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा निकाली थी। अब दिल्ली के लिए कांग्रेस 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा निकालने की तैयारी में है। इस यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के भी शामिल होने की खबर है। कांग्रेस की ये यात्रा चार चरणों में होगी। 23 अक्टूबर से शुरू होकर ये यात्रा 28 नवंबर को समाप्त होगी। कांग्रेस की इस यात्रा में लगातार 2014, 2019 और 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने वाली बीजेपी के सांसदों की असफलता को गिनाया जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम शीला दीक्षित के समय के समय के



कार्यकाल की याद दिलाई जाएगी ।इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी का प्लान मोदी सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और आप सरकार के बीच की तकरार को भी रेखांकित करने का है। केजरीवाल सरकार औ? आप की शराब नीति, भ्रष्टाचार को टारगेट करने के अलावा इसकी नीतियों को भी निशाना बनाया जाएगा। कहा जा रहा है कि पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर दिल्ली में आप से कांग्रेस का गठबंधन नहीं होगा। कुल मिलाकर कहे तो कांग्रेस न्याय यात्रा से चुनावी लाभ प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है।

कांग्रेस की इस यात्रा में लगातार 2014, 2019 और 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने वाली बीजेपी के सांसदों की असफलता को गिनाया जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम शीला दीक्षित के समय के समय के कार्यकाल की याद दिलाई जाएगी।

# प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने शिक्षा मंत्री से की खास मुलाकात



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

प्राइवेट स्कूलों के विभिन्न समस्याओं को लेकर आज पुनः प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने बिहार के शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार से उनके सरकारी कार्यालय में मुलाकात कर प्राइवेट विद्यालयों को पेशों पेश आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया एवम उन्हें महत्वपूर्ण निम्न बिंदुओं से अवगत कराया.

(1) फ्ळ्ए के अंतर्गत पढ़ाने वाले विद्यालयों का सत्र 2019 - 20 से 2023 - 24 तक फ्ळ्ए राशि का भुगतान अविलंब कराया जाए।

(2) शिक्षा विभाग द्वारा ज्ञानदीप पोर्टल को 10 दिनों के लिए खोला जाए क्योंकि बहुत से अलभकारि एवम् अभिबंचित समूह के बच्चे ऐसे हैं, जिनका नामांकन अभी किसी भी विद्यालय में नहीं हो पाया है । उन बच्चों एवं अभिभावकों के साथ समस्या यह है कि उन्होंने जिन विद्यालयों का चयन किया था वह विद्यालय उन्हें आवंटित नहीं हुआ । उन्हें किसी अन्य विद्यालय को आवंटित कर दिया गया, जो की स्कूल से दूर है ।

(3) अगले सत्र 2025- 26 से आरटीई के अंतर्गत नामांकन लेने हेतु ज्ञानदीप पोर्टल को फरवरी माह में सक्रिय किया जाए एवं अप्रैल माह के अंत तक नामांकन लेकर बंद कर दिया जाय ताकि बच्चों एवम् विद्यालयों का समय बर्बाद ना हो । उनका नामांकन सही समय पर हो सके और शिक्षा भी समय से उन्हें प्राप्त हो सके।

(4) प्रत्येक बच्चे की सूचना/जानकारी एकत्र करने हेतु केवल एक पोर्टल बनाया जाय। जिससे विद्यालयों का समय, पैसा एवम् शोषण से बचाया जा सके ।

(5) जिन विद्यालयों को यू डायस/क्यू आर कोड/अवधि विस्तार नहीं मिला है उन्हे अविलंब दिया जाय। जिससे की उच्च कक्षा में नामांकन / आरटीई के अंतर्गत नामांकन हेतु बच्चों को परेशानी न हो।(6) निजी विद्यालयों को अवधि - विस्तार के नाम पर होने वाले शोषण से बचाने के लिए अवधि - विस्तार की समस्या को समाप्त किया जाय ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने माननीय शिक्षा मंत्री से निजी विद्यालयों की उपरोक्त समस्याओं का निदान कराने की पुर्रजोर मांग करते हुए कई जिलों में ऊ्ड एवम इएड ी द्वारा दफकोड देने हेतु मोटी रकम की मांग करने की शिकायत की है जिसे सुनते ही शिक्षा मंत्री काफी गंभीर हो गए और ऐसे भ्रष्ट ऑफिसर के खिलाफ सख्त कार्यवाई कर उन्हें जेल तक भेजने की बात कही है साथ ही उन्होंने ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों की सूची मांगी है ताकि अतिशीर्ध उनपर करवाई की जा सके।

# डा.फैयाज अहमद को केंद्र सरकार के द्वारा सेटेंडिंग कमिटी ऑन वाटर रिसोर्स 2024=25 वर्ष के लिए सदस्य मनोनित किया गया है

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो .अबु बकर सिद्दीकी**

■ राज्यसभा सांसद एवं राज्यसभा में संसदीय दल के मुख्य सचेतक डा.फैयाज अहमद को केंद्र सरकार के द्वारा सेटेंडिंग कमिटी ऑन वाटर रिसोर्स 2024=25 वर्ष के लिए सदस्य मनोनित किया गया है



मधुबनी ,07 अक्टूबर 2024 ।राज्यसभा सांसद एवं राज्यसभा में संसदीय दल के मुख्य सचेतक डाङ्ख फैयाज अहमद को केंद्र सरकार के द्वारा सेटेंडिंग कमिटी ऑन वाटर रिसोर्स 2024=25 वर्ष के लिए सदस्य मनोनित किया गया है ।उनको इस कमिटी में मनोनयन होने पर मिथिलांचल में हर्ष व्याप्त है । सूबे के पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ ,विधायक भरत मंडल ,पूर्व विधायक राम अशीष यादव सीता राम यादव एवं उमा कांत यादव,राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं राज्यसभा प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव ,युवा राजद प्रदेश महासचिव आसिफ अहमद ,राजद जिला राजद उपाध्यक्ष कमरूल होदा तमन्ना एवं राजेंद्र यादव,पूर्व प्रमुख अब्दुस सलाम ,राजद जिला प्रवक्ता इन्द्र जीत कुमार राय ,राजद नेता राज कुमार यादव ,वरीय अधिवक्ता संजय कुमार मिश्र , अरुण कुमार यादव , मोङ्ख महताब आलम ,जकी अहमद पम्मू ,निशांत मंडल एवं नवल कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त किया है ।इन नेताओं ने कहा कहा की मिथिलांचल बाढ़ से प्रभावित रहता है तथा कई इलाकों में जल जमाव की भी समस्याओं से जुड़े मुद्दों को डाङ्ख फैयाज अहमद उठा कर आम लोगो को बाद की समस्या से निजात दिलवाएंगे

# कप्तान मो. आलम ने खेली 58 रनों की नाबाद पारी अंडर-19 वीनू मांकड़ क्रिकेट में बिहार ने सिक्किम को 10 विकेटों से हराया,



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

हैदराबाद के स्टंप्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे अंडर-19 वीनू मांकड़ टूनार्मेंट के दूसरे मैच में बिहार की टीम ने शानदार वापसी करते हुए सिक्किम को दस विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करती हुई सिक्किम की टीम 29.1 ओवर में 90 रनों पर सिमट गयी।सिक्किम के ओर से करण ने 10 रन, इंजमामूल ने पांच रन बनाये। डेनरी, सिरनिम और निकेश बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। बिहार की ओर से वासुदेव ने चार, तेजस्वी यादव ने तीन, बादल कुमार ने दो विकेट लिय।सुमन कुमार को एक विकेट मिला।

जवाब में बिहार ने 10.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 91 रन बनाकर मैच को दस विकेट से जीत लिया।बिहार की ओर से कप्तान मो. आलम ने नाबाद 58 रन और आयुष राज के नाबाद 29 रन बनाये।बिहार का अगला मैच अब आठ अक्तूबर को मध्यप्रदेश से होगा।बता दें कि की टीम के कप्तान मो. आलम समस्तीपुर जिले के रहीमपुर रूदौली गांव के रहने वाले हैं।उनके पिता मो. बदरे आलम ने बताया कि उन्होंने समस्तीपुर में ही रहकर पटेल मैदान से क्रिकेट के गुर सीखे है।

# रोटरी सारण ने डांडिया का किया आयोजन




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

दुर्गा पूजा नवरात्रि के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ सारण ने स्थानीय जन्नत पैलेस में गरबा एवं डांडिया का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया ।इसमें रोटरी क्लब ऑफ सारण के सभी सदस्यो ने अपने परिवार के साथ उपस्थित हुए।डांडिया के गीतों पर सभी सदस्यों ने काफी धूम मचाए साथ में रोटरी ऐनी ने भी काफी धूम मचाए ।इस डांडिया में बच्चों ने भी झूम-झूम कर पूरा डांडिया खेला और उसका आनंद लिया ।इस कार्यक्रम में इनरविल क्लब ऑफ सारण की अध्यक्षा शिल्पी कुमारी,पूर्व अध्यक्षा अनु जायसवाल, अनिता राज,शुशमा गुप्ता,रचना गुप्ता एवं सभी सदस्यों ने भी भाग लिया और डांडिया और गरबा का काफी आनंद लिया।इसमें प्रिंट मीडिया और प्रेस से आए हुए सदस्यों ने भी डांडिया खेल कर आनंद उठाया ।अंत में बिना लहसुन प्याज का भोजन का व्यवस्था किया गया था एवं व्रत करने वाले पुरुषों और महिलाओं के लिए फलाहार का भी व्यवस्था किया गया था ।इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यक्ष रो. राकेश कुमार एवं सह संयोजक पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक सचिव रो. राजेश फैशन के नेतृत्व में काफी सुचारू रूप से आयोजन हुआ । मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रो.पंकज कुमार एवं संजय भारद्वाज जी के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रो दिनेश कुमार गुप्ता,सचिव मनोज कुमार गुप्ता कोसा अध्यक्ष अजय प्रसाद पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार, अजय कुमार व्याहुत ,चंद्रकांत द्विवेदी, राजेश जायसवाल ,सुरेंद्र गुप्ता ,डॉ मदन प्रसाद, अजय गुप्ता,राजेश कुमार,मनीष जायसवाल,राजा आनन्द,विकाश कुमार,सतीश अग्रवाल,मनोज भोला,सुदामा जी,महेश जी,दीपक जी,डॉ आशुतोष,गोविंद अग्रवाल,रामा कांत एवं सभी सदस्य अपने परिवार के साथ उपस्थित थे ।साथ ही साथ ईनर विल क्लब ऑफ सारण की सभी सदस्य भी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया।

# ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर बच्चों के आधार अपलोड करना 31 अक्तूबर तक हर हाल में अनिवार्य



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

जिले में सरकारी व निजी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों का आधार बनवा कर उनके आकड़ें हर हाल में 31 अक्तूबर तक ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करने के लिए शिक्षा विभाग ने डीईओ व डीपीओ एसएसए को निर्देश जारी किया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये यह निर्देश जारी किया गया है ।पिछले पांच अक्टूबर तक के आंकड़े बताते जारी करते हुए डीपीओ एसएसए द्वारा बताया गया है कि जिले में कुल स्टूडेंट 890388 हैं।इसमें आधार वाले स्टूडेंट्स 765886 हैं। जबकि बिना आधार वाले स्टूडेंट 124502 हैं।सरकारी स्कूलों में आधार वाले स्टूडेंट 103655 हैं। जबकि निजी स्कूलों में बिना आधार वाले स्टूडेंट 20847 हैं। दोनों सरकारी व निजी स्कूलों को मिला कर बिना आधार वाले कुल स्टूडेंट 124502 हैं।

# माननीय मुख्यमंत्री बिहार द्वारा ग्रामीण विकास अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभूको को राशि हस्तांतरण किया गया

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**




आज दिनांक 7.10.2024 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार द्वारा ग्रामीण विकास अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभूको को राशि हस्तांतरण किया गया जिसका प्रतीकात्मक रूप से विभिन्न जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से राशि एवं चेक वितरण कार्यक्रम किया गया। जीविका परियोजना अंतर्गत राज्य स्तर पर सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 34 हजार लाभार्थियों को 113 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण, 48500 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 400 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण एवं 15314 स्वयं सहायता समूह को 537 करोड 33 लाख रुपए की बैंक ऋण की राशि का विभिन्न बैंकों के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। जिला स्तर पर जिला परियोजना द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 735 परिवारों को दो करोड़ 58 लाख 46 हजार रुपए का हस्तांतरण, 2562 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 26 करोड 35 लाख 40 हजार रुपए का हस्तांतरण एवं विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 305 जीविका स्वयं सहायता समूहों को कल 11 करोड़ 47 लाख 50000 रुपए का विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण राशि का हस्तांतरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समस्तीपुर जिला को वित्तीय वर्ष में 2024-25 में कुल लक्ष्य 13489 निर्धारित किया गया है जिसके विरुद्ध जिला स्तर पर कुल 11789 लाभूको को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा कुल 9972 लाभूको को प्रथम किस्त के रूप में 39 करोड़ 88 लाख 80 हजार रुपए का हस्तांतरण किया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा प्रतीकात्मक रूप से सभी लाभूको को राशि स्वीकृति पत्र एवं चेक प्रदान किया गया ।मौके पर उपविक विकास आयुक्त समस्तीपुर श्री संदीप शेखर प्रियदर्शी ,निदेशक डीआरडीए आशुतोष कुमार, डीपीएम जीविका सहित संबंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे

# राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ट (अकीलियत सेल) के जिला अध्यक्ष फैयाज अहमद के द्वारा प्रखण्ड कमीटी का बिस्तार किया गया !

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुरः समस्तीपुर** रोसड़ा प्रखण्ड के मब्बी पंचायत के पूर्व मुखिया जाकिर हुसैन साहब के आवास पर राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ट की बैठक हूई जिसमें रोसड़ा प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर, असदक जमाल साहब ,रोसरा नगर अध्यक्ष के पद पर मोहम्मद इरशाद आलम साहब, सिंघिया प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर नईम खान साहब, हसनपुर प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष पद पर मोहम्मद अशरफ अली साहब ,बिथान प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर मोहम्मद इनायत उल्लाह शाहब, समस्तीपुर जिला के जिला उपध्यक्ष के पद पर ,नौशाद अली अंसारी साहब को मनोनिंत किया गया है इस मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया जाकिर हुसैन जी, रोसरा नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष,



मोहम्मद कासिम जी,मोहम्मद लाल बाबू जी ,मोहम्मद आबिद जी ,मोहम्मद अजरुद्दीन जी, हरिपुर के मुखिया राजेंद्र पासवान जी ,देवनारायण यादव जी ,युवा प्रखण्ड महासचिव संजय यादव जी ,मोहम्मद अशरफ अली जी ,सिद्धार्थ सिंह जी ,मोहम्मद इसरार उल आलम जी, असद अली रिंकू जी,मोहम्मद नाज बाबू जी, मोहम्मद सिकंदर जी पंचायत अध्यक्ष, मोहम्मद इनायतुल्लाह जी ,नईम खान जी ,लालटुन पासवान जी मुखिया ,महेंद्र शाह जी ,अनवर उल हक साहब, नौशाद अली अंसारी साहब आदि मौजुद !

# करीब बाबू की पत्नी का निधन, शोक की लहर



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**समस्तीपुर।** जिले के मथुरापुर निवासी स्व करीम बाबू की 75 वर्षीय पत्नी चांद बीबी का आज अहले सुबह करीब 3 : 45 बजे इंतकाल (निधन) हो गया।उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके जानने और पहचानने वालों की भीड़ लग गई और देखते ही देखते स्व करीम बाबू के निवास स्थान मथुरापुर में काफी भीड़ लग गई।बताया जाता है की स्व करीम बाबू की पत्नी कुछ अरसे से बीमार थी आज उन्होंने आखरी सांस ली।आज बाद नमाज असर मथुरापुर स्थित बी एड कॉलेज परिसर में जनाजे की नमाज अदा की गई जिसमे काफी तायदाद में लोगों ने शिरकत की। जनाजे की नमाज के उपरांत इलाकाई कब्रिस्तान में मरहुमा को दफन किया गया और उनके लिए दुआएं मगफिरत की गई। इधर स्व करीम बाबू के पत्नी के निधन होने पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मो अबु तमीम, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, फैजुर रहमान फैज, राजिउल इस्लाम, सोएब आजम, मो मसीउर रहमान उर्फ पिंटू, अफजाल अहमद उर्फ उजाले, अबु तनवीर, अबु सईद, पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा, प्रो इमाम रिजवी, जदयू जिला अध्यक्ष डॉक्टर दुर्गेश राय, आफताब आलम, जदयू जिला सचिव संतोष कुमार साह, जमशेद आदिल, मो नेयाज आलम, नूर आलम, अशरफ अली खां, मो कल्लू, मो अनवर (मुन्ना), अब्दुल कलाम राजा, वली आजम, चांद जौहर, मो प्यारे, एखलाक अहमद खां, मो जहांगीर, अब्दुस समद खां, मो तौहीद अंसारी उर्फ नन्हें आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# मोटरसाइकिल की ठोकर से एक महिला की दर्दनाक मौत, नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में कल्याणपुर से पूसा जाने वाली मुख्य सड़क के मिल्की चौराहे के पास तेज रफ्तार से आ रही पूसा से कल्याणपुर अपाची मोटरसाइकिल के चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसको स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान लदौरा गांव के वार्ड संख्या 04 निवासी अर्जुन सहनी के 40 वर्षीय पत्नी रिंकू देवी के रूप में हुई है। परिजनों एवं आसपास लोगों ने नाराज होकर पूसा - कल्याणपुर मुख्य पथ



के लदौरा चौक पर शव के साथ करीब दो घंटे तक सड़क को जाम किया। स्थानीय मुखिया विनोद दास, पंचायत समिति सदस्य संजय कुमार व वीरेंद्र कुमार सिंह, स्थानीय ग्रामीण, बुद्धि जीवियों व स्थानीय पुलिस की खाफी समझने बुझाने पर जामकर्ता शांत हुए तब जाकर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय मुखिया विनोद दास के द्वारा कबीर अंत्येष्ठि योजना के अंतर्गत मिलने वाले 3000 रुपया दिया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया कि दुर्घटना से तत्काल मिलने वाली 20 हजार जल्द ही दी जाएगी। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

# तेजस्वी यादव ने सरकारी संपत्ति को लूटा, बांग्ला से ले गए फर्नीचर और उपकरण : दानिश इकबाल




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 'तोटी चोर' : दानिश इकबाल
- सरकारी बंगले की संपत्ति गायब : तेजस्वी यादव की 'लूट' पर भाजपा का हमला
- तेजस्वी यादव की परवरिश मे ही सरकारी संपत्ति को लूटना सिखाया गया : दानिश इकबाल

पटना, 7 अक्टूबर झ बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को हाल ही में 5, देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी बंगला आवंटित किया गया, जो पूर्व में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आवास था। यह बंगला अब बदहाली की स्थिति में पाया गया है, क्योंकि श्री तेजस्वी यादव ने बंगले से अधिकतर महत्वपूर्ण सामान अपने साथ ले गए। भाजपा नेता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है और कहा, "तेजस्वी यादव ने सरकारी संपत्ति का खुलेआम दुरुपयोग किया है। उन्होंने न सिर्फ बंगले का फर्नीचर, बिस्तर, एयर कंडीशनर, टोटियां और वॉश बेसिन तक उखाड़कर अपने साथ ले गए, बल्कि जिम के उपकरण और फाउंटेन की लाइट्स भी निकाल लीं। यह सरासर सरकारी संपत्ति की लूट है।"

दानिश इकबाल ने कहा, "तेजस्वी यादव की परवरिश ऐसे राजनीतिक माहौल में हुई है जहाँ सरकारी संपत्ति को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करना सिखाया गया है। यह आचरण बेहद शर्मनाक और अस्वीकार्य है। इस प्रकार की गतिविधियाँ जनता के पैसों से बनाए गए संसाधनों का दुरुपयोग हैं और ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को जो बंगला आवंटित किया गया है, उसकी स्थिति काफी दयनीय है और इसका पुनर्निर्माण और मरम्मत की आवश्यकता है।भाजपा ने मांग की है कि इस मामले में तत्काल जांच हो और जो सरकारी संपत्ति तेजस्वी यादव ने अपने साथ ले गई है, उसे वापस किया जाए। पार्टी ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह बिहार की जनता के साथ

# ताजपुर में स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर :- - बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर । प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल मालिक के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजधानी रोड ताजपुर में बिहार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जुलूस निकाला गया । कांग्रेस प्रखंड कार्यालय राजधानी रोड ताजपुर से कोल्ड स्टोर चौक, अस्पताल चौक नीम चौक, गांधी चौक फिर कोल्ड स्टोर चौक होते हुए कार्यालय में समापन हुआ हुआ । इस मौके पर मुख्य अतिथियों प्रभारी आनंद माधव एवं जिला अध्यक्ष अबू तमीम ने कहा कि स्मार्ट मीटर सरकार का एक नई लूट निति हैं । जिसके अंतर्गत आम जनता के जेबों पर डाका डाला गया है मौके पर अमित प्रसाद केसरी। संजय राय मोईन रजा दिलदार हुसैन नरेश सिंह सुरेंद्र महतो मोइनुद्दीन महिला सेल की जिला अध्यक्ष देवता गुप्ता जी अबू हैदर मोहम्मद तुफैल इत्यादि लोग उपस्थित थे

# गोही के वार्ड संख्या 01 स्थित बीआरसी भवन के पास नाला निर्माण होने से लोगों में हर्ष



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड के अंतर्गत गोही वार्ड संख्या एक जो वारिसनगर मुख्यालय से नकटा की ओर जाने वाली सड़क कुछ दिनों से जर्जर है जहां नाला नही रहने के कारण वारिसनगर ब्लॉक के बीआरसी भवन के पास बरसाती पानी लग जाया करता था। उक्त स्थान पर पानी लग जाने के कारण राहगीर एवं आसपास के लोगों को बेहद कठिनाई हो रही थी। जिसे वारिसनगर प्रखंड निवासी तथा विकास शील इंसान पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू सहनी को दूसरो का दुःख सहा नही गया तथा उन्होंने अपने स्तर से करीब 15 फीट लम्बा नाला निर्माण कराया ताकि यहां के लोगों के अलावा राहगीरों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। इधर गोही के वार्ड संख्या एक में नाला निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों में पप्पू सहनी के प्रति खुशी देखी जा रही है।

# जरूरत मंदो के बीच वस्त्र वितरण और भंडारे का आयोजन



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान महाराजगंज दारौंदा 7 अक्टूबर सोमवार । दारौंदा प्रखंड के बैदापुर विशुनपुरा स्थित हरिहर सेवा संस्थान परिसर में सोमवार को जरुरतमंदों के बीच बस्त्र वितरण किया गया। तथा भंडारा का आयोजन कर भोजन कराया गया। समारोह का विधिवत उद्घाटन बिपिन बिहारी शर्मा द्वारा किया गया। आस-पास के करीब आधे दर्जन गांवों में जरूरतमंदों के बीच 200 कपड़े व कंबलों का वितरण किया गया।इस मौके पर बिपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार जरुरतमंदों के बीच नए कपड़े वितरण करती आ रही है।कहा कि लोगों की मुख्य आवश्यकताओं में रोटी कपड़ा और मकान होती है।ठंड के मौसम में गरीब तबके के लोगों को कपड़े की आवश्यकता और बढ़ जाती है।इसी को देखते हुए कपड़े क वितरण जरुरतमंदों लोगों के बीच किया जा रहा है। जिससे की लोगों को दशहरा पर्व में नये कपड़े मिल सके तथा आने वाले दिनों में ठंड से बच सके।इसलिए नये कंबल खरीद कर लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक जरुरतमंद लोगों को सहयोग किया जा सके। कार्यक्रम में सर्वनाथ तिवारी, अजीत कुमार शर्मा, नागेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह सरोज तिवारी आदि उपस्थित थे। समारोह का समापन पर धन्यवाद ज्ञापन जब्बार हुसैन ने किया।

## जरूरत मंदो के बीच वस्त्र वितरण और भंडारे का आयोजन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान महाराजगंज दारौंदा 7 अक्टूबर सोमवार ।दारौंदा प्रखंड के बैदापुर विशुनपुरा स्थित हरिहर सेवा संस्थान परिसर में सोमवार को जरुरतमंदों के बीच बस्त्र वितरण किया गया। तथा भंडारा का आयोजन कर भोजन कराया गया।समारोह का विधिवत उद्घाटन बिपिन बिहारी शर्मा द्वारा किया गया। आस-पास के करीब आधे दर्जन गांवों में जरूरतमंदों के बीच 200 कपड़े व कंबलों का वितरण किया गया।इस मौके पर बिपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार जरुरतमंदों के बीच नए कपड़े वितरण करती आ रही है।कहा कि लोगों की मुख्य आवश्यकताओं में रोटी कपड़ा और मकान होती है।ठंड के मौसम में गरीब तबके के लोगों को कपड़े की आवश्यकता और बढ़ जाती है।इसी को देखते हुए कपड़े क वितरण जरुरतमंदों लोगों के बीच किया जा रहा है।जिससे की लोगों को दशहरा पर्व में नये कपड़े मिल सके तथा आने वाले दिनों में ठंड से बच सके।इसलिए नये कंबल खरीद कर लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है।जिससे अधिक से अधिक जरुरतमंद लोगों को सहयोग किया जा सके।कार्यक्रम में सर्वनाथ तिवारी, अजीत कुमार शर्मा, नागेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह सरोज तिवारी आदि उपस्थित थे। समारोह का समापन पर धन्यवाद ज्ञापन जब्बार हुसैन ने किया।

# नीतीश कुमार को भारत रत्न मिलना चाहिए, जेडीयू नेता की मांग को चिराग पासवान का समर्थन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग तेज हो गई है।केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने भी इस मांग को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भारत रत्न मिलना चाहिए।इससे पहले जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने पटना में पोस्टर लगाकर यह मांग उठाई थी, जिससे खुद उनकी पार्टी ने ही पल्ला झाड़ दिया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की बात होनी चाहिए। यह अच्छी बात है। सीएम का राजनीतिक अनुभव बहुत से राजनेताओं से कम है।उनकी राजनीति से आप सहमत या असहमत जरूर हो सकते हैं।मगर यह बात सत्य है कि वे संघर्ष करके आज इस मुकाम तक पहुंचे और लंबे समय तक भारतीय राजनीति की एक धुरी बने रहे।

बता दें कि नीतीश और चिराग, दोनों की पार्टियां बीजेपी के साथ एनडीए में हैं।हालांकि, चिराग अक्सर नीतीश की नीतियों के विरोधी रहे हैं।अब चिराग के द्वारा नीतीश को भारत रत्न दिए जाने की मांग करने पर बिहार का सियासी पारा गर्मा गया है।

दो दिन पहले पटना में जेडीयू नेता छोटू सिंह ने पोस्टर लगाकर नीतीश कुमार को बिहार का विकास पुरुष बताकर उन्हें भारत रत्न देने की मांग की थी। यह पोस्टर पटना में शनिवार को हुई जेडीयू प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से पहले लगाया गया था।हालांकि, नीतीश को भारत रत्न देने की मांग से जेडीयू ने पल्ला झाड़ दिया। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव और नीतीश के करीबी नेता मनीष वर्मा ने कहा कि यह पार्टी का आधिकारिक स्टैंड नहीं है।यह पार्टी के एक नेता की महज एक भावना है, इसे पार्टी का कोई समर्थन नहीं है।

# प्रशांत किशोर ने गांधी की आत्मा को आहत किया; नीतीश के मंत्री ने शराब बेचने की घोषणा पर खूब सुनाया




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना:** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के शराबबंदी खत्म करने के वादे पर नीतीश सरकार में जेडीयू मंत्री श्रवण कुमार ने पलटवार किया है।ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि पीके ने महात्मा गांधी की आत्मा को आहत किया है। गांधी जयंती पर उन्होंने अपनी पार्टी का नामकरण किया। उनका फोटो लेकर घूम रहे हैं।बैनर पर गांधी जी का फोटो लगा रखा है। उनकी जयंती पर पार्टी बनाकर उन्होंने शराब की बिक्री शुरू करने की घोषणा कर दी।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर ने गांधी जयंती पर बिहार में फिर से शराब बेचने की घोषणा कर महात्मा गांधी की आत्मा को ठेस पहुंचाई है।उनके सपने को पीके ने चकनाचूर किया है।मंत्री ने कहा कि जिन राज्यों में शराब नहीं भी बंद है, वहां के अच्छे लोग दारू का सेवन नहीं करते हैं।पूरे देश की आधी आबादी की मांग है कि शराब बंद होनी चाहिए। इसलिए नीतीश कुमार ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू किया। नीतीश के शासनकाल में बिहार में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। भभुआ में पूरब पोखरा के पास जेडीयू नेता रंजू सिंह पटेल के आवास पर सोमवार को हिन्दुस्तान से बातचीत के दौरान मंत्री श्रवण कुमार प्रशांत किशोर पर खूब बरसे।उन्होंने कहा कि पीके की जब बुनियाद ही गलत है, तो उसमें फल कहां से लगेगा। पौधा रोपने के समय में ही उन्होंने जड़ में कीड़ा डाल दिया है।हम लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुयायी हैं। उनके रास्ते पर चलने से ही देश में खुशहाली आ सकती है।

# डॉ. दिलीप जायसवाल ने 'विजन फॉर विकसित भारत विविभा 2024' का उद्घाटन किया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- दरभंगा में आयोजित शोधार्थी सम्मेलन में डॉ. दिलीप जायसवाल का प्रेरक संबोधन
- विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना, विकसित भारत के निर्माण में योगदान का आानरू : डॉ दिलीप जायसवाल
- एलएनएमयू के जुबली हॉल में भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यक्रम में उपस्थित रहे गणमान्य व्यक्ति
- युवाओं की सोच से बनेगा विकसित भारत :डॉ. दिलीप जायसवाल
- शोधार्थियों को पुरस्कृत कर डॉ. दिलीप जायसवाल ने किया उत्साहवर्धनरू
- भारतीय शिक्षण मंडल के 'विजन फॉर विकसित भारत विविभा 2024' में युवा प्रतिभाओं को मिला सम्मान
- डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा : 'युवाओं की मेहनत ही बनाएगी समृद्ध भारत



दरभंगा, 7 अक्टूबर झ आज दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में भारतीय शिक्षण मंडल उत्तर बिहार प्रांत युवा आयाम द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय शोधार्थी सम्मेलन सह पुरस्कार वितरण समारोह 'विजन फॉर विकसित भारत विविभा 2024' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल एवं कार्यक्रम का किया उद्घाटन डॉ जायसवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के विचारों और शोध कार्यों को साझा करने का अवसर मिला, जो न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि हमारे देश के विकास के लिए भी आवश्यक हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ जायसवाल ने कहा, "मैं समस्त विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ, और मुझे पूरा विश्वास है कि विकसित भारत के निर्माण में आप सब अपना अमूल्य योगदान अवश्य देंगे।इस अवसर पर अखिल भारतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल श्री बी आर शंकरानंद, मंत्री श्री हरि सहनी जी, एलएनएमयू के कुलगुरु प्रो. संजय कुमार चौधरी, श्री अजीत कुमार, श्री नवीन तिवारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।डॉ. दिलीप जायसवाल ने आगे कहा, "आज के युवा ही हमारे देश के भविष्य के निमार्ता हैं। उनकी सोच, उनकी मेहनत और उनकी प्रतिबद्धता ही हमें एक विकसित और समृद्ध भारत की ओर ले जाएगी।हमें चाहिए कि हम उन्हें समर्थन और प्रेरणा दें, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।"

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# ग्रामीण विकास योजना के तहत लाभुकों को दी गई राशि

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ी:** नीतीश कुमार मुख्यमंत्री ,बिहार के कर कमलों द्वारा पटना में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग के समारोह में ग्रामीण परिवार के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को गति प्रदान करने हेतु वित्तीय समावेशन एवं सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत कुल 1650.33 करोड़ की राशि वितरित की गई।

आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया और हर जिले के हिस्से की राशि/निधि जिले के समबन्धित जिलाधिकारी द्वारा योजना के लाभार्थियों को डमी चेक के माध्यम से सौंपा गया। इसी क्रम में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डीएम श्री रिची पांडेय के द्वारा निधियों का हस्तांतरण किया गया।




सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत व्यवसाय विविधिकरण हेतु कुल 687 लक्षित परिवारों को 01करोड़ 65 लाख 90 हजार की राशि वितरित की गई। वही 614 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग के दृष्टिगत 9 करोड़ 22 लाख रुपया की राशि प्रदान किया गया तथा 153 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं 159 ग्राम संगठनों को सीआईएफ के रूप में 09 करोड़ 47 लाख 60 हजार की राशि वितरित की गई।जिलाधिकारी महोदय द्वारा जीविका दीदियों को सौंपे गए कुल 20 करोड़ 35 लाख 50 हजार रूपए की राशि जिले के ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित करेगी तथा आर्थिक रूप से उन्हें सबल बनाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 3881 लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि प्रति लाभुक 4000 के रूप में कुल 01 करोड़ 55 लाख 24 हजार रुपए की स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत सीतामढ़ी जिला में 4496 लाभुकों के बीच 05 करोड़ 40 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। उपरोक्त वित्तीय सहायता सीतामढ़ी जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दी गई है। यह पहल समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री मनन राम,डीपीआर ओ कमल सिंह ,डायरेक्टर डीआरडीए, जीविका परियोजना प्रबंधक उमाशंकर भगत, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर शंकर शंभू ,सुधीर कुमार राय एवं धर्मेंद्र कुमार प्रखंड परियोजना प्रबंधक के साथ जीविका के अन्य कर्मी एवं जीविका दीदियां उपस्थित थी।

# प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी आज पीएमसीएच पहुंचे जहां पिछले दिनों पटना जिले के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत करकटबीघा गांव में विद्युत करंट लगने से दो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

दिनांक 07 अक्टूबर, 2024लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी आज पीएमसीएच पहुंचे जहां पिछले दिनों पटना जिले के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत करकटबीघा गांव में विद्युत करंट लगने से दो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी और अन्य 18 व्यक्ति घायल हुए थे जो इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती किए गए थे। श्री तिवारी इस घटना में प्रभावित सभी घायलों से पीएमसीएच जाकर मुलाकात किया और उनका कुशल-छेम पूछे और उनके परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस अवसर पर श्री तिवारी के साथ पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनील यादव और प्रदेश महासचिव चंदन पासवान समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

# यूपी में बाढ़ के बीच छप्पर पर डिलीवरी:अचानक नेपाल से आया पानी सब बहा ले गया

## राहत सामग्री में मिला सड़ा आलू







**कुशीनगर।** सुबह नर्मदा देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। तभी गांव में बाढ़ का पानी भी बढ़ रहा था। गांव में अक्सर बाढ़ का पानी आ जाता था, इसलिए लोगों ने गंभीरता से नहीं लिया। शाम तक नर्मदा का दर्द असहनीय हो गया। सरकारी एंबुलेंस कभी आई नहीं, इसलिए किसी ने फोन भी नहीं किया।

नर्मदा के आसपास की महिलाएं इकट्ठा होने लगीं। तेजी से बढ़ता पानी उसकी झोपड़ी में भी भर गया। वह दर्द से चीख रही थी। महिलाएं जल्दी डिलीवरी की कोशिश कर रही थीं। इन सबके बीच पानी 1 फीट, 2 फीट और फिर 5 फीट तक बढ़ता चला गया। नर्मदा को तुरंत ही उसके घास-फूस के बने छप्पर पर ले जाया गया। वहां उसने एक बेटे को जन्म दिया। अगले एक दिन तक वह उसी छप्पर पर पड़ी रही। नीचे पान भरा हुआ था। यह घटना कुशीनगर के शिवपुर की है। नेपाल के वाल्मीकि नगर बैराज से अचानक 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद कुशीनगर और महराजगंज के 7 गांव बर्बाद हो गए। सड़क और फसल बह गई। घरों में रखा अनाज डूब गया।

### छप्पर पर महिला ने बेटे को जन्म दिया

गांव में हमें पता चला कि जिस दिन बाढ़ आई थी, उस दिन मनोज की पत्नी नर्मदा ने छप्पर पर बेटे को जन्म दिया था। हम गांव के कीचड़ से होते हुए मनोज के घर पहुंचे। घर घास-फूस का बना हुआ है। दो झोपड़ी हैं, एक में परिवार रहता है, दूसरे में खाना बनाया जाता है। मनोज कहीं मजदूरी करने गए थे। घर में उनकी पत्नी नर्मदा अपने बच्चे के साथ बैठी थीं। हमने उनसे बात की। उन्होंने कहा कि पानी बढ़ने लगा तो छप्पर पर चले गए। वहीं डिलीवरी हुई। उसी पर हम लोग रात भर रहे। पानी जब कम हुआ तो नीचे उतरे।



पहले ऐलान होता था, इस बार अचानक छोड़ा पानी

कुशीनगर और महराजगंज यूपी-बिहार की सीमा पर बसे हैं। इन दोनों जिलों में 7 गांव ऐसे हैं, जहां बाढ़ और बारिश के बीच यूपी के किसी रास्ते से नहीं पहुंचा जा सकता। यहां पहुंचने के लिए बिहार की सीमा में प्रवेश करना होगा। पश्चिमी चंपारण जिले में करीब 20 किलोमीटर सफर करना होगा। इसके बाद नाव या फिर ट्रैक्टर के जरिए यहां तक पहुंचा जा सकता है। दैनिक भास्कर की टीम भी इन्हीं रास्तों से गांव में पहुंची।

इस गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर नेपाल-भारत बॉर्डर पर वाल्मीकि नगर बैराज है। यहां से यूपी और बिहार की नदियों में पानी छोड़ा जाता है। हर बार पानी छोड़ने की सूचना दी जाती है। गांवों में लाउडस्पीकर से अनाउंस किया जाता है, लेकिन 28 सितंबर को जब यह बैराज पूरी तरह से भर गया तब कोई सूचना नहीं दी गई। गंडक नारायणी नदी में करीब 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया। पहले से ही उफनाई नदी अपने रूद्र रूप में आ गई। रास्ते में जो भी पड़ा, सब बहा ले गई।

कोई छत तो कोई कहीं रात भर भागता रहा शिवपुर के जगदीश भगत कहते हैं, यहां बाढ़ का पानी तो अक्सर आता ही रहता है, लेकिन उस दिन पहले गांठ भर फिर कमर भर और फिर देखते ही देखते गर्दन भर पानी भर गया। लोग अपने जानवरों को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। रात में लोग अपने बच्चों को लेकर छत पर चढ़ गए। रात भर लोग जागते और चिल्लाते रहे। कमलेश कुशवाहा कहते हैं, हमारे गांव तक पहुंचने का कोई रास्ता ही नहीं है। आप पनियाहवां से मदनपुर होते हुए नौरंगियां पहुंचेंगे। फिर रोहुआ नाला से होते हुए हम लोगों के गांव में आएंगे। लेकिन जब पानी गांव में बढ़ता है तो आसपास के इलाके भी पूरी तरह से डूब जाते हैं। रोहुआ नाला एकदम भर जाता है। फिर हमारे गांव से कोई कहीं नहीं आ-जा सकता। रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक हो जाता है। लोग चौकी बनाकर उसके ऊपर रहते हैं। बकरियों तक को भी वहीं रखते हैं। गांव की ही गुलाबी देवी कहती हैं, यहां की स्थिति बहुत खराब है। कभी एंबुलेंस नहीं आती। क्योंकि रास्ता ही नहीं है। थोड़ा भी पानी बढ़ने पर चारो तरफ के रास्तों पर पानी भर जाता है। यहां जो हॉस्पिटल है, वहां भी नाम मात्र का इलाज होता है। यहां के इलाज से आराम नहीं होता तो खड्डा जाना पड़ता है। वहां भी अपनी गाड़ी से जाइए, यहां कोई एंबुलेंस नहीं आती। यहां कुछ सड़कें 2004 के बाद बनी ही नहीं इन इलाकों में हम अपनी गाड़ी से नहीं जा सकते, क्योंकि एक मात्र रास्ता पूरी तरह से डूबा हुआ है। हमें शिवपुर के निजामुद्दीन मिले। उन्होंने बताया कि मैंने इस क्षेत्र के विकास को लेकर पिछले 30 सालों से लगातार संघर्ष किया है। अधिकारियों-नेताओं के पास पत्र भेजे हैं। उनके पास एक जीप है, उसी से कुशीनगर के 4 गांव शिवपुर, नारायणपुर, मर्चहवा, बकुलादाह गए। इसके बाद महराजगंज जिले के सोहगी बरवा, शिकारपुर और भोतहा गांव पहुंचे। नारायणपुर मर्चहवा गांव का तमाम हिस्सा कट चुका है, यहां के बहुत सारे लोग शिवपुर में रहते हैं। निजामुद्दीन कहते हैं, एक बार नहीं कई बार सड़क के लिए पत्र लिखा। पुल की मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कभी वन विभाग तो कभी बिहार सरकार के चलते काम नहीं हुआ।

## स्व. केश्वर यादव की पुण्यतिथि:

# आयोजित शिविर में मरीजों की हुई जांच




**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत केश्वर इंटरमीडिएट कालेज बनवारीटोला के परिसर में स्व. केश्वर यादव की छठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में मरीजों की जांचकर दवा वितरित की गई। रविवार को केश्वर जन सेवा संस्थान और सृजन श्रीसिद्धि विनायक हॉस्पिटल गोरखपुर द्वारा आयोजित शिविर का शुभारंभ भन्ते महेंद्र, डा संजय जायसवाल, पूर्व जिपंस मदन यादव व अतिथियों द्वारा स्व. यादव के चित्र पर पुष्पार्चन नमन कर किया गया। चिकित्सक डॉ मनोज जायसवाल, डॉ राम गोपाल पटेल, डॉ किरन सिंह, डॉ नीतू कुशवाहा, डॉ अजित शर्मा, डॉ आकांक्षा सुमन, डॉ प्रिया सिंह, डॉ राधा पटेल व स्टाफ साहिना खातून, सरोज ने 250 शिक्षक, छात्र - छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित सलाह और दवा दी।

सबका स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य पुरन्दर प्रताप यादव ने कहा कि मेरे दादा केश्वर यादव उन्नति के लिए शिक्षा को अमोघ अस्त्र मानते थे। जिनकी प्रेरणा से ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक से इंटर तक की शिक्षा दी जा रही है। निर्धन और बेसहारा बच्चो को हमेशा बरियता दी जाती है। इस दौरान प्रभारी देवेंद्र प्रताप यादव, कन्हैया वर्मा, जयसिंह प्रसाद, अमरजीत यादव, कमलेश भारती, सतवीर आदि शिक्षक व छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रुदवालिया बना ओवर आल चैम्पियन

**कुशीनगर।** जनपद के फाजिलनगर ब्लाक के जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में महुअवा बुजुर्ग न्यायपंचायत की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया और पुरस्कृत हुए। विजयी बच्चे अब ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईओ फाजिलनगर मुकेशनारायण मिश्र,थानध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार. जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ल ने संयुक्त रूप से मंडल विजेता राहुल चौहान को मशाल सौंप कर किया। प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर मीटर बालिका दौड़ में जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदवालिया की छात्रा सोनाली विजेता, गौराखोर की मोनिका उपविजेता बनी। प्राथमिक के ही 100 मीटर की बालिका दौड़ में रुदवलिया की सोनाली प्रथम तथा अर्चना द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में रुदवालिया की सन्तिमा प्रथम तथा महुअवा कारखाना की आँचल दूसरे नंबर पर रही। बालक व बालिकाओं की जूनियर व प्राथमिक वर्ग कबड्डी तथा खो-खो प्रतियोगिता को रुदवालिया के विद्यार्थियों ने जीत लिया। जूनियर वर्ग की लम्बी खुद में रुदवलिया की नीलू प्रथम तथा गौराखोर की रोशनी दूसरे नंबर पर रही। इसके पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम में जूनियर महुअवा कारखाना की छात्राओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। रुदवलिया को ओवर आल चैम्पियन घोषित किया गया। बीईओ मुकेश नारायण मिश्र ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार तथा राजन शुक्ला ने कहा कि प्राथमिक संवर्ग के खेल प्रतिभाओं को उभारने की प्रथम सीढ़ी है।शिक्षक पूरे मनोयोग से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाएं ताकि विभिन्न खेलों में देश को और मेडल मिल सके। आयोजक प्रभारी प्रधानाध्यापक रामकुवर प्रसाद सुनील त्रिपाठी तथा खेल शिक्षक मंजूर आलम ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षिका आरती दुबे ने किया। जमील अहमद, मधुलिका, आशा प्रसाद कुसुम द्विवेदी इंद्रावती देवी राजीव मिश्र प्रवीण यादव, रामराज, स्मिता निषाद, जयललिता प्रसाद संतोष, मनोज तथा शहआलम आदि शिक्षक मौजूद रहे।



लोकसभा चुनाव में दिनेश ने सुल्तानपुर से राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। इसमें वह 3 लाख 90 हजार वोटों से हार गए थे। इसके बाद भी उनका गुस्सा फूटा था। उन्होंने कहा था- अब जनता दर्शन कार्यक्रम को रोक कर अपने परिवार की जिम्मेदारियां पूरी करूंगा। मेरी तरह राहुल गांधी भी हर शनिवार और रविवार को जनता दर्शन करें। रायबरेली की जनता के सुख-सुख और शादी-ब्याह में शामिल हों।

# संस्कार भारती गोरक्ष प्रान्त के अध्यक्ष बने डॉ भारत भूषण व डॉ अनिल सिन्हा मंत्री

**कसया, कुशीनगर।** लोक कलाओं एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के गोरक्ष प्रान्त इकाई की साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ भारत भूषण अध्यक्ष व डॉ अनिल कुमार सिन्हा महामंत्री चुने गए।

रविवार को बैठक की शुरूआत भारत माता, संस्कार भारती के संस्थापक पद्मश्री बाबा योगेन्द्र, अमीर चन्द के चित्र पर माल्यापर्ण, दीप प्रज्वलन और संस्कार भारती के ध्येय गीत से किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि अभा कार्यकरणी सदस्य गिरीश चंद, डॉ शरद मणि त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष मिथलेश तिवारी, पूर्वी उप्र प्रमुख देवेंद्र, सह क्षेत्र प्रमुख पूर्वी उप्र वीरेंद्र, कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पलता मिश्रा, प्रांतीय महामन्त्री डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, अभा नाट्य विधा के पूर्व संयोजक रवि शंकर ने संस्कार भारती के ध्येय, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सभी जिला इकाईयों द्वारा वार्षिक गतिविधि लेखा जोखा व अग्रिम कार्य योजना प्रस्तुत की गई। केंद्रीय पदाधिकारी गिरीश चन्द ने नई कार्यकारिणी गठन की कार्रवाई शुरू की। जिसमें भारत भूषण अध्यक्ष, डॉ अनिल सिन्हा महामंत्री, सह महामन्त्री मानवेंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष श्रीराम कृष्ण मिश्रा सर्व सम्मति से चुने गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ भारत भूषण ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि बाबा योगेन्द्र के सपने को जो मूल सनातन की परंपरा है। उसे आप सभी के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। भारत के युवाओं को कला संस्कृति से जोड़ें। संस्कार भारती एक परिवार है।

हमें बार बार लगातार सनातन संस्कार, संस्कृति, परम्परा, लोक कला को आगे बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। नव निर्वाचित प्रांतीय महामन्त्री डॉ. सिन्हा ने सभी का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कार भारती की अवधारणा है कि देश की संस्कृति, परम्पराओं, कलाओं को राष्ट्रीय भावना के अनुरूप ढालने, संरक्षण व कार्य योजनाओं की जरूरत है। आयोजक गण द्वारा अतिथियों का टीका लगाकर, स्काउट बैंड व माल्यापर्ण से स्वागत किया गया और अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों के




दिवंगत परिजनों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समापन वन्दे मातरम के सामूहिक गान से हुआ। अध्यक्षता गिरीश जी व संचालन

सह प्रांतीय मंत्री प्रेम नाथ ने किया। इस दौरान गोरक्ष प्रान्त के डॉ अम्बरीष श्रीवास्तव, राणा प्रताप सिंह, डॉ नवीन श्रीवास्तव, डॉ वीके सिंह, डॉ चारुलता सिंह, श्रीमती रीता श्रीवास्तव, कन्हैया श्रीवास्तव, डॉ कुमुद सिंह, विश्व मोहन तिवारी, सुधा मोदी, अजित प्रताप, शैवाल शंकर, डॉ राजेश मिश्रा, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुशील श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, कुशीनगर इकाई के संरक्षक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, सेवानिवृ जिला जज संतोष कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष उमेश चन्द गुप्ता उर्फ कुन्नू जी, सचिव, अशोक कुमार, वीरेश राय, शशि प्रभा सिन्हा, अर्चना श्रीवास्तव, वन्दना मद्धेशिया, रंजना मद्धेशिया, सुरेश प्रसाद गुप्ता, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, ज्ञानेंद्र लाल श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रुदवालिया बना ओवर आल चैम्पियन



**कुशीनगर।** जनपद के फाजिलनगर ब्लाक के जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में महुअवा बुजुर्ग न्यायपंचायत की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया और पुरस्कृत हुए। विजयी बच्चे अब ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईओ फाजिलनगर मुकेशनारायण मिश्र,थानध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार. जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ल ने संयुक्त रूप से मंडल विजेता राहुल चौहान को मशाल सौंप कर किया। प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर मीटर बालिका दौड़ में जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदवालिया की छात्रा सोनाली विजेता, गौराखोर की मोनिका उपविजेता बनी। प्राथमिक के ही 100 मीटर की बालिका दौड़ में रुदवलिया की सोनाली प्रथम तथा अर्चना द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में रुदवालिया की सन्तिमा प्रथम तथा महुअवा कारखाना की आँचल दूसरे नंबर पर रही। बालक व बालिकाओं की जूनियर व प्राथमिक वर्ग कबड्डी तथा खो-खो प्रतियोगिता को रुदवालिया के विद्यार्थियों ने जीत लिया। जूनियर वर्ग की लम्बी खुद में रुदवलिया की नीलू प्रथम तथा गौराखोर की रोशनी दूसरे नंबर पर रही। इसके पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम में जूनियर महुअवा कारखाना की छात्राओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। रुदवलिया को ओवर आल चैम्पियन घोषित किया गया। बीईओ मुकेश नारायण मिश्र ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार तथा राजन शुक्ला ने कहा कि प्राथमिक संवर्ग के खेल प्रतिभाओं को उभारने की प्रथम सीढ़ी है।शिक्षक पूरे मनोयोग से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाएं ताकि विभिन्न खेलों में देश को और मेडल मिल सके। आयोजक प्रभारी प्रधानाध्यापक रामकुवर प्रसाद सुनील त्रिपाठी तथा खेल शिक्षक मंजूर आलम ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षिका आरती दुबे ने किया। जमील अहमद, मधुलिका, आशा प्रसाद कुसुम द्विवेदी इंद्रावती देवी राजीव मिश्र प्रवीण यादव, रामराज, स्मिता निषाद, जयललिता प्रसाद संतोष, मनोज तथा शहआलम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### अचानक कार बनी आग का गोला



**कसया, कुशीनगर।** थानाक्षेत्र के गांव सिरसिया स्थित आरोग्य हेल्थ केयर सेंटर के समीप चलती कार में अचानक आग लग गई और कार आग का गोला बन गया। चालक किसी तरह से कार से बाहर निकल गया। घटना को लेकर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया।

कसया थाना क्षेत्र के सपहा निवासी डा प्रभात यादव अपनी निजी कार चलाते हुए जा रहे थे कि सिरसिया के समीप अचानक कार में आग लग गई। कार पूरी तरह जल गई। सूचना पर मौके पर आई पुलिस ने दोनों तरफ रास्ता रोक कर अग्निशमन दल को सूचित किया है और आग को बुझवाया। घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। इस संबंध में एसआई गौरव शुक्ला ने बताया कि कार में आग लग गई थी। कोई हताहत नहीं हुई हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग को बुझाया गया है।

### 351धावक धाविकाओं का ट्रायल से हुआ चयन अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**कुशीनगर।**19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के मशाल दौड़ के लिए 351 धावक एवं धविकाओं का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया। आगामी दिसंबर माह में कस्बे के पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के राज मालती स्टेडियम में होने वाले अखिल भारतीय शाहिद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शहीद चौक कसया से 51 धावक मशाल लेकर चलते हैं। जिसमें शहीद के पैतृक गांव से तीन सौ धावक धाविकाएं शामिल होते हैं। तत्पश्चात वह धावक मशाल लेकर आयोजन स्थल तक पहुंचतें हैं। जहां कार्यक्रम के अतिथि इस मशाल से अमर जवान ज्योति प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करतें हैं।

351 धावक धविकाओ का चयन नगर पंचायत के एस.बी.एम.पी.जी.कालेज के खेल ग्राउंड पर चयन ट्रायल के माध्यम से हुआ। जिसमें प्रतिभाग करने के लिए पहुंचे लगभग 1500 सौ धावक धाविकाओं का 51- 51 का ग्रुप बनाकर ट्रायल कराया गया। प्रत्येक ग्रुप से छः धावक धाविकाओं को वरीयता के क्रम में चयनित किया गया।इस तरह से कुल 51 ग्रुपों में से इन धावक धाविकाओं का चयन पूरा हुआ। जिसमे से 100 धाविकाएं और 251 धावकों को लिया गया। चयन प्रक्रिया आयुक्त जिला प्रशिक्षण स्काउट गाइड एमडीआई खान, जेपी रावत, नागेंद्र प्रसाद, जय हिंद व जवाहर प्रसाद के देख रेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही, विनीत कुमार बंटी, आजाद अंसारी ,राजन शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, नसीम आलम, गुड्डू पांडे, गोविंद यादव, चंदन पासवान, पिंटू सिंह, कविंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, उदयभान सिंह और मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कोर्ट के आदेश पर कोटे की दुकान का स्थलीय सत्यापन

**कुशीनगर।** जिले के विकासखंड मोती चक की ग्राम सभा पकड़ी में कोटे की दुकान के स्थलीय सत्यापन के दौरान ग्रामीणों और जांच टीम के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। यह मामला तब गरमाया जब पूर्ति निरीक्षक पर ग्राम प्रधान ने अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया। कोटेदार के स्पष्टीकरण का सत्यापन अनिवार्य गौरतलब है कि कोटे की दुकान को 26-12-2023 को निरस्त किया गया था, जिसका स्थलीय सत्यापन न होने पर कोर्ट ने 14-05-2024 को आदेश दिया था कि कोटेदार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का सत्यापन किया जाए। बिना सूचना पहुंचे अधिकारी 3-09-2024 को अफ्ड हाटा द्वारा बिना सूचना के पूर्व ग्राम प्रधान के घर पर सत्यापन किया गया, जिसके बाद वर्तमान ग्राम प्रधान ने उऊड औरX DM को पत्र भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस पर 5-10-2024 को नायब तहसीलदार, पूर्ति निरीक्षक और पंचायत की संयुक्त टीम जांच के लिए आई। पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ उठी आवाज जांच के दौरान, पूर्ति निरीक्षक ने नए साक्ष्यों के सत्यापन का कार्य शुरू किया, जिस पर उपस्थित ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने आपत्ति जताई। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक पर आरोप लगा कि उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और ग्रामीणों को धमकाया।



# नवरात्र में इन नियमों का पालन करना बहुत जरूरी

**शास्त्रों और पुराणों के अनुसार शारदीय नवरात्र अधिक महत्वपूर्ण है। प्राचीन काल में नवसंवत्सर से आरंभ होने वाला नवरात्र ही अधिक प्रचलित था। लेकिन कलियुग में शारदीय नवरात्र का महत्व बढ़ गया है। शास्त्रों में नवरात्र को आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का समय माना गया है। इसलिए नवरात्र के कई नियम हैं जिनका पालन व्रत करने वालों और जो व्रत नहीं करते हैं उन्हें भी करना चाहिए।**

## शुद्धता और पवित्रता जरुरी

नवरात्र शुद्धता से जुडा पर्व है, जिसमें नौ दिनों तक पूर्ण पवित्रता और सात्विकता बनाए रखते हुए देवी के नौ स्वरूपों की आराधना करने का विधान है। इसलिए नवरात्र के दिनों बहुत से श्रद्धालु कपडे धोने, शेविंग करने, बाल कटाने और पलंग या खाट पर सोने से बचते हैं।

## विष्णु पुराण के अनुसार

नवरात्र में व्रत के समय बार-बार पानी पीने, दिन में सोने, तम्बाकू चबाने और स्त्री के साथ संबंध बनाने से भी व्रत खंडित हो जाता है। यानी नवरात्र में पति-पत्नी को साथ सोने से भी बचना चाहिए।

## नहीं होता विवाह

नवरात्र के दिनों में विवाह का आयोजन भी नहीं होता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि विवाह का उद्देश्य वंश वृद्धि यानी संतान की उत्पत्ति है। जबकि नवरात्र के दिनों में काम और स्त्री प्रसंग से दूर रहने का नियम है। यह भक्ति और आस्था में डूबने का समय होता है। विवाह संस्कार होने से मां की आराधना से व्यक्ति वंचित हो सकता है।

## रात्रि में पूजा

शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि नवरात्र के दिनों में रात्रि के समय देवी की पूजा अधिक फलदायी होती है क्योंकि देवी रात्रि स्वरुप हैं और भगवान शिव दिन के स्वरूप। इसलिए नवरात्र के दिनों में मन को एकाग्र करके देवी में ही लगाना चाहिए न कि अन्य चीजों में।

## ब्रह्मचर्य का पालन

नवरात्रों में लोग अनेक नियमों का भी पालन करते हैं। ऐसा ही एक नियम है नवरात्रों के दौरान खुद को शारीरिक संबंध बनाने से दूर रखना है। जिस बिस्तर पर पति-पत्नी शारीरिक सम्बन्ध बनाते हैं उसी को छूकर देवी का आह्वान करना अशुद्ध माना जाता है। आप अशुद्ध मन से देवी मां की पूजा कर नहीं सकते इसलिए कम से कम उन नौ दिनों तक खुद पर नियंत्रण रखिए जिस दौरान स्वयं देवी मां हमारे घर पधारती हैं।



# क्यों जलाते हैं नवरात्र में अखंड ज्योत

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीरामचंद्रजी ने इस शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ समुद्र तट पर किया था और उसके बाद दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान किया और विजय प्राप्त की। तब से असत्य, अधर्म पर सत्य, धर्म की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाने लगा। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमश: अलग-अलग पूजा की जाती है नवरात्र के नौ दिन माता के सामने अखंड ज्योत जलाई जाती है। यह अखंड ज्योत माता के प्रति आपकी अखंड आस्था का प्रतीक मानी जाती है। क्या आपको पता है कि यह अखंड ज्योत क्यों जलाई जाती है। ज्योतिषविदों की माने तो यह अखंड ज्योत इसलिए भी जलाई जाती है कि जिस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी छोटा का दीपक अपनी लौ से अंधेरे को दूर भगाता रहता है उसी प्रकार हम भी माता की आस्था का सहारा लेकर अपने जीवन के अंधकार को दूर कर सकते हैं। मान्यता के अनुसार दीपक या अग्नि के समक्ष किए गए जप का साधक को हजार गुना फल प्राप्त हो है। कहा जाता है कि घी युक्त ज्योति देवी के दाहिनी ओर तथा तेल युक्त ज्योति देवी के बाईं ओर रखनी चाहिए। अखंड ज्योत पूरे नौ दिनों तक अखंड रहनी चाहिए यानी जलती रहनी चाहिए।

# इन मंत्रों से मां दुर्गा को करें प्रसन्न

**यूं तो सच्चे मन से की गई प्रार्थना से मां भक्तों के मन की कामना को पूर्ण करती हैं लेकिन कुछ मंत्र हैं जो हमें सौभाग्य और आरोग्य दिलवाने में मददगार हैं।**

### सर्वकल्याण के लिए

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते।

### आरोग्य व सौभाग्य प्राप्ति के लिए

देहि सौभाग्यं आरोग्यं
देहि में परमं सुखम।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषोजहि।।

### दरिद्रता नाश के लिए

दुर्गेस्मृता हरसि भतिमशेशजन्तो:
स्वस्थै: स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।
दरिद्रयदुखभयहारिणी कात्वदन्या
सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता।।

### शत्रुनाश के लिए

ऊं ह्रीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं
मुखं पदं स्तंभव जिह्वाम कीलय
बुद्धिमविनाशाय
ह्रीं ऊं स्वाहा।।

### विपत्तिनाशक मंत्र

शरणागतर्दिनार्त परित्राण पारायणे।
सर्वस्यार्ति हरे देवि नारायणि
नमोस्तुते।।

# इस नवरात्रि में लक्ष्मी को करें प्रसन्न

पूरे देश में नवरात्रि का उत्साह महसूस किया जा सकता है। मां के भक्त देवी के अलग-अलग रूपों की आराधना करेंगे। कोई मां दुर्गा, तो कोई मां काली को प्रसन्न कर मनचाहा आशीर्वाद मांगेंगा। मां दुर्गा के बारे में कहा जाता है कि सच्चे मन से उनकी आराधना करने से हर मनोकामना पूरी होती है। धर्मग्रंथों में कई ऐसे उपाय बताए गए हैं कि जिनका पालन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होंगी और घर में धन-वैभव आएगा। यानी मां दुर्गा की आराधना कर मां लक्ष्मी को भी प्रसन्न किया जा सकता है। एक नजर इसी से जुड़ी अहम बातों पर

- नवरात्रि के सभी नौ दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना चाहिए। इसके बाद घर में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित करना चाहिए। पीला आसन बिछाकर मूर्ति के आगे बैठकर पूजा करें।
- धर्म ग्रंथों में मां दुर्गा की पूजा का खास विधि बताई गई है। इसके अनुसार, नवरात्रि के नौ दिन मूर्ति के सामने घी का दीपक लगाएं। सुबह जलाए गए इस दीपक को शाम तक न बुझने दें।
- नौ दिन के लिए नौ दीपक तैयार करें और हरेक के सामने लाल रंग के चावल का ढेर लगा दें। अब चावल के इस ढेर पर श्रीयंत्र को स्थापित करें और उसकी पूजा करें। ऐसा पूरे नौ दिन करें।
- नवरात्रि के बाद चावल को नदी में प्रवाहित कर दें और श्रीयंत्र को घर के मंदिर में स्थापित कर लें। बताते हैं कि पूरी श्रद्धा के साथ इस विधि से मां की आराधना करेंगे तो लक्ष्मीजी अवश्य प्रसन्न होंगी।





# जाने विदेशों में स्थित मां दुर्गा के शक्ति पीठों के बारे में

**नवरात्रि शुरू होते ही मां के शक्तिपीठों में जयकारे लगने लगते हैं। इन नौ दिन हर दिन अलग-अलग देवियों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में शक्तिपीठों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने का विशेष महत्व होता है।**

## क्या हैं शक्ति पीठ

धर्मग्रंथों तथा पुराणों के अनुसार जहां-जहां सती के अंग के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई। ये अत्यंत पावन तीर्थ कहलाये। ये तीर्थ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर फैले हुए हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है। हालांकि देवी भागवत में जहां 108 और देवी गीता में 72 शक्तिपीठों का जिक्र मिलता है, वहीं तन्त्रचूडामणि में 52 शक्तिपीठ बताए गए हैं। देवी पुराण में जरूर 51 शक्तिपीठों की ही चर्चा की गई है। इन 51 शक्तिपीठों में से कुछ विदेश में भी हैं और पूजा-अर्चना द्वारा प्रतिष्ठित हैं। आईये जानते हैं विदेशों में स्थित शक्ति पीठों के बारे में-



### यशोर शक्तिपीठ

यह शक्तिपीठ वर्तमान बांग्लादेश में खुलना जिले के जैसोर नामक नगर में स्थित है। यहां सती की 'वाम' का निपात हुआ था।

### चट्टल शक्तिपीठ

चट्टल में माता सती की 'दक्षिण बाहु' गिरी थी। यहां माता सती को 'भवानी' तथा भगवान शिव को 'चंद्रशेखर' कहा जाता है। बाग्लादेश में चटगांव से 38 किमी दूर सीताकुंड स्टेशन के पास चंद्रशेखर पर्वत पर भवानी मंदिर है। यही 'भवानी मंदिर' शक्तिपीठ है।

### करतोयाघाट शक्तिपीठ

यहाँ माता सती का 'वाम तल्प' गिरा था। यहाँ माता 'अपर्णा' तथा भगवन शिव 'वामन' रूप में स्थापित है। यह स्थल बांग्लादेश में है। बोगडा स्टेशन से 32 किमी दूर दक्षिण-पशचिम कोण में भवानीपुर ग्राम के बेगड़ा में करतोया नदी के तट पर यह शक्तिपीठ स्थित है।

### सुगंधा शक्तिपीठ

बांग्लादेश के बरीसाल से 21 किलोमीटर उत्तर में शिकारपुर ग्राम में 'सुंगधा' नदी के तट पर स्थित 'उग्रतारा देवी' का मंदिर ही शक्तिपीठ माना जाता है। इस स्थान पर सती की 'नासिका' का निपात हुआ था।

### हिंगलाज शक्तिपीठ

यहाँ माता सती का 'ब्रह्मरंध्र' गिरा था। यहाँ माता सती को 'भैरवी/कोटटरी' तथा भगवन शिव को 'भीमलोचन' कहा जाता है। यहाँ शक्तिपीठ पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त के हिंगलाज में है। हिंगलाज कराची से 144 किमी दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में हिंगोस नदी के तट पर है। यही एक गुफा के भीतर जाने पर मां आदिशक्ति के ज्योति रूप के दर्शन होते हैं।



### गुह्येश्वरी शक्तिपीठ

नेपाल में 'पशुपतिनाथ मंदिर' से थोड़ी दूर बागमती नदी की दूसरी ओर 'गुह्येश्वरी शक्तिपीठ' है। यह नेपाल की अधिष्ठात्री देवी हैं। मंदिर में एक छिद्र से निरंतर जल बहता रहता है। यहाँ की शक्ति 'महामाया' और शिव 'कपाल' हैं।

### गण्डकी शक्तिपीठ

नेपाल में गण्डकी नदी के उद्गमस्थल पर 'गण्डकी शक्तिपीठ' में सती के 'दक्षिणगण्ड' का पतन हुआ था। यहां शक्ति त्राण्डकीस तथा भैरव त्र्चक्रपाणिस हैं।

### लंका शक्तिपीठ

श्रीलंका में, जहां सती का 'नूपुर' गिरा था। यहां की शक्ति इन्द्राक्षी तथा भैरव राक्षसेश्वर हैं। लेकिन, उस स्थान ज्ञात नहीं है कि श्रीलंका के किस स्थान पर गिरे थे।

### मानस शक्तिपीठ

यहां माता सती की 'दाहिनी हथेली' गिरी थी। यहाँ माता सती को 'दाक्षायणी' तथा भगवान शिव को 'अमर' कहा जाता है। यह शक्तिपीठ तिब्बत में मानसरोवर के तट पर स्थित है।

# कार कंपनियां त्योहारी सत्र पर बिक्री में अच्छी वृद्धि की कर रहीं उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है।

किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं। हम अक्टूबर में अपनी बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। बरार ने कहा कि जनवरी-अप्रैल की अवधि में यात्री वाहन उद्योग में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, लेकिन मई-सितंबर में इसमें लगभग दो-तीन प्रतिशत की गिरावट आई।

निसान मोटर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है। जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन अर्बन क्रूजर हाइराइडर आदि के मामले में। इसके मामले में प्रतीक्षा अवधि कम हुई है।

# बाजार में बड़ी गिरावट को क्यों अच्छा बता रहे एक्सपर्ट!



**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार ने पिछले कारोबारी हफ्ते में बड़ी गिरावट देखी है। 5 दिन में 4100 अंक नीचे आने के बाद सेंसेक्स अभी 81700 के करीब आ गया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में इस दौरान 16 लाख करोड़ से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसा माना जा रहा है कि अभी ये गिरावट और जारी रह सकती है। ईरान-इजरायल संकट पहले से ही बाजार को नीचे खींच रहे थे और अब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के चुनावों के नतीजे भी इसमें योगदान देने के लिए तैयार बैठे लग रहे हैं। एक तरफ जहां निवेशक आगामी संभावि गिरावट से सहमे बैठे हैं तो वहीं विशेषज्ञ इससे बहुत ज्यादा घबराते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल्स के एक अे धिकारी ने एक इंटरव्यू में ज्यागा करेक्शन को फिलहाल बेहतर बताया। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अगर बाजार खुद को करेक्ट (गिरावट) करता है तो यह निवेशकों, विशेषकर रिटेल निवेशकों के लिए बेहतर होगा। उनका कहना है कि इससे बाजार अभी के मुकाबले अधिक सुरक्षित हो जाएगा। उनका कहना है कि पहले मार्केट में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिलती थी। बकौल शाह, हर 13-14 महीने में बाजार एक बार औसतन 20 फीसदी से ज्यादा नीचे आ जाता था।

उन्होंने कहा कि साल में 2 से 3 बार ये 10 परसेंट करेक्ट होता था। शाह ने कहा कि अब बाजार में ये देखने को नहीं मिल रहा है। 2020 से हमने कोई 20 परसेंट की गिरावट नहीं देखी है और केवल 1 बार 10 फीसदी का करेक्शन आया है। हम बाजार में निष्ठा के साथ पैसा लगाने से पहले एक बार 10-20 फीसदी की गिरावट देखना चाहेंगे। ये बाजार को काफी सुरक्षित बना देगा।

# कम आपूर्ति के बीच आयातित पामोलीन तेल की कीमतें सुधरीं

**नई दिल्ली ।**

आयात के कम आर्डर रहने की वजह से कम आपूर्ति की स्थिति के बीच शनिवार को देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती दर्ज हुई। सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली के बीच आपूर्ति बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई जबकि बाकी खाद्यतेल- तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।बाजार सूत्रों ने कहा कि हाजिर बाजार में माल की कमी के बीच कच्चा पामतेल (सीपीओ) का भाव जस का तस बना हुआ है। इसके भाव अधिक हैं और इस वजह से इसके आयात के आर्डर में गिरावट देखी गई जिससे खाद्यतेलों की आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया। लेकिन सीपीओ की कमी और त्योहारों की मांग देखते हुए जो आयात के आर्डर की लदान सितंबर के अंतिम दिनों या अक्टूबर के आरंभ में हुआ है, वह माल 15 अक्टूबर के बाद देश में पहुंचेगा। सीपीओ की इस कमी के बीच उसका प्रसंस्करण कर बनाये जाने वाले पामोलीन तेल का दाम मजबूत बंद हुआ। श निवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, ऊंचे दाम पर कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चा पामतेल (सीपीओ) के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। सरसों तिलहन 6,750-6,800 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,300-6,575 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 14,075 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी- 2,190-2,290 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,190-2,305 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,500 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,800 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,500 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 13,900 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,900 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,685-4,735 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,450-4,695 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

# इस्पात विनिर्माण करने लौह अयस्क फाइंस का उपयोग करें कंपनियां: सरकार

**नई दिल्ली ।**

इस्पात मंत्रालय ने एकीकृत इस्पात कंपनियों से इस्पात निर्माण के लिए लौह अयस्क फाइंस का उपयोग करने के लिए कहा है। इससे उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग बढ़ सकेगा। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय का यह भी कहना है कि कंपनियां विदेशों में कोकिंग कोल खदानों का अधिग्रहण करने जैसे विकल्पों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें बताया गया है कि देश में लौह भंडार सीमित हैं और इसे संरक्षित करने के लिए कंपनियों को बेनेफिसिएशन की प्रक्रिया के जरिये निचले ग्रेड के अयस्क का उपयोग करना चाहिए। लौह अयस्क और कोकिंग कोयला ब्लास्ट फर्नेस मार्ग के माध्यम से इस्पात विनिर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले दो प्रमुख कच्चे माल हैं।



लौह अयस्क जहां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोकिंग कोयले के लिए भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर है। प्रमुख कंपनियां बीएफ (ब्लास्ट फर्नेस) के माध्यम से इस्पात बनाने के लिए केवल उच्च श्रेणी के अयस्क लंप्स (ढेले) का उपयोग करती हैं, जिसमें 65 प्रतिशत और उससे अधिक लौह तत्व होता है। फाइंस या चूरा निम्न श्रेणी का अयस्क है जिनमें लौह तत्व 64 प्रतिशत या उससे कम होता है।

# हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में तांबा खदान प्राप्त करने की दौड़ में शामिल

**- नीलामी इसी माह में ही होने की संभावना**

**नई दिल्ली ।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में दो तांबे की खदानों को हासिल करने की दौड़ में शो मिल हो गई हैं। इन खानों को इसी महीने बिक्री के लिए रखा जाएगा। दोनों खदानों की कुल क्षमता सालाना 30 लाख टन की है। सूत्रों ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की दो तांबा खदानों के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। दोनों खदानों की नीलामी अक्टूबर में ही होने की संभावना है। इनमें से एक ब्लॉक नया है, जबकि दूसरा पिछले 20 साल से बंद है। हिंदुस्तान कॉपर ने पहले राखा तांबा खान को फिर से खोलने और उसका विस्तार करने और चापरी में भूमिगत खदान के विकास और संचालन के लिए खान डेवलपर-सह-परिचालक (एमडीओ) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। हिंदुस्तान कॉपर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था कि राखा खनन पट्टा 2021 में समाप्त हो गया। खनन पट्टे के विस्तार का कार्य झारखंड सरकार के साथ प्रगति पर है, इसके अलावा खनन पट्टे के तहत शेष वन क्षेत्र पर चरण एक की वन मंजूरी देने के लिए आवेदन को परियोजना जांच समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। राज्य वन विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण पूरा हो चुका है। हिंदुस्तान कॉपर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने हाल मे कहा था कि कंपनी खदान उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन सालाना करने के लिए विस्तार परियोजनाओं को लागू कर रही है। इस कदम से तांबे के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37.8 लाख टन अयस्क का उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 33.5 लाख से 13 प्रतिशत अधिक है।

# घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग राजस्व नौ फीसदी तक बढ़ सकता है: आईसीआरए

**नई दिल्ली।** घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में नौ प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि संगठित सड़क लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4.6 प्रतशत की वृद्धि हुई थी। इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व 23,273 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट के अनुसार इक्रा को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। एजेंसी ने कहा कि ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, खुदरा, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से अच्छी मांग, विभिन्न सरकारी उपायों और नीतियों से इस क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण बना हुआ है। इक्रा लिमिटेड के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उच्च मुद्रास्फीति, असमान मानसून, अपेक्षाकृत फीका त्योहारी सत्र और बढ़ती ब्याज दर के बीच अपेक्षाकृत सुस्त मांग के कारण वृद्धि धीमी रही थी।




# इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ, 365 करोड़ जुटाए जाएंगे

**नई दिल्ली ।** हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में इस सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइम डेटाबेस के अनुसार अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

# एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयरों से 27,142 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश नौ महीने के उच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। अप्रैल-मई में शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम और ब्याज दरों की भविष्य की दिशा जैसे कारक आगे भारतीय बाजार में एफपीआई के निवेश की दिशा तय करेंगे। आंकड़ों के अनुसार एक से चार अक्टूबर के बीच एफपीआई ने शेयरों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। दो अक्टूबर को 'गांधी जयंती' के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहे थे। ऋण या बॉन्ड बाजार की बात करें, तो समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने सामान्य सीमा के माध्यम से 900 करोड़ निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के माध्यम से 190 करोड़ रुपये का निवेश किया है।इस साल अबतक एफपीआई ने शेयरों में 73,468 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.09 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।


# घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग राजस्व नौ फीसदी तक बढ़ सकता है: आईसीआरए

**नई दिल्ली ।** घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में नौ प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि संगठित सड़क लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4.6 प्रतशत की वृद्धि हुई थी। इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व 23,273 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट के अनुसार इक्रा को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। एजेंसी ने कहा कि ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, खुदरा, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से अच्छी मांग, विभिन्न सरकारी उपायों और नीतियों से इस क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण बना हुआ है।


# अमेरिका के बाद अमूल अब यूरोपीय बाजार में करेगा प्रवेश

**जमशेदपुर ।**

अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध बेहद सफल रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। हाल ही में यहां निजी व्यवसाय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडल- लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा। डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। अमेरिका में अमूल द्वारा हाल ही में पेश किए गए दूध के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद सफल रहा है, और अब वे पहली बार यूरोपीय बाजार में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक बने रहने के लिए अमूल प्रोटीन युक्त, ऑर्गेनिक और रसायन मुक्त उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने अमूल के संस्थापक डॉ. कुरियन द्वारा विकसित परिवेश की सराहना की।

Amul
The Taste of India

# आरबीआई के ब्याज दर और एफआईआई के रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। बाजार के विश्लेषक कहते हैं कि घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी। एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर को शुरू होगी। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा बुधवार यानी नौ अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र टीसीएस के साथ शुरू हो रहा है। घरेलू मोर्चे पर तरलता की स्थिति मजबूत बनी हुई है। ऐसे में अधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों से नकदी का प्रवाह आकर्षक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों की ओर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिंस कीमतें, अमेरिकी डॉलर सूचकांक और अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के लिए क्रमशः 26,000 और 85,000 अंक के नए मील के पत्थर कुछ समय के लिए थे, क्योंकि पश्चिम एशिया की वजह से लगे झटकों और विदेशी कोषों द्वारा कुछ कम मूल्यांकन वाले एशियाई बाजारों की ओर रुख करने से बाजार प्रभावित हुआ। इससे बाजार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पांच दिन में निवेशकों की पूंजी 16.26 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

सप्ताह के दौरान आरबीआई का ब्याज दर पर निर्णय आना है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे। साथ ही अमेरिका में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा, बेरोजगारी आंकड़े और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी आने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) ने कहा कि निवेशकों की निगाह भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर रहेगी। विदेशी कोषों के प्रवाह के अलावा घरेलू प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह एमपीसी की बैठक पर है।

इस बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने अपने मासिक बिक्री विवरण में कहा कि सितंबर के अंत में पंजीकरण में तेजी आई है। यह आगामी त्योहारी सत्र की दृष्टि से अच्छा है।

# अदाणी समूह ने अहमदाबाद में हरित हाइड्रोजन मिश्रित पीएनजी आपूर्ति शुरू की

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह ने अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में घरों में आपूर्ति की जाने वाली खाना खाना पकाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में हरित हाइड्रोजन का मिश्रण शुरू कर दिया है। फ्रांस की ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज टोटलएनर्जीज के साथ समूह की शहर गैस वितरण इकाई अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अहमदाबाद के शांतिग्राम में पाइप वाली प्राकृतिक गैस आपूर्ति में 2.2-2.3 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन का मिश्रण करना शुरू कर दिया है। लिंक्डइन पर पोस्ट में कंपनी ने यह जानकारी दी। स्वच्छ मार्गों के माध्यम से उत्पादित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में डाला जाता है। कंपनी ने इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के माध्यम से पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करने के लिए पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है। इस हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस में मिलाया जाता है। इसकी आपूर्ति घरों में खाना पकाने के लिए और उद्योग को की जाती है। एटीजीएल ने बयान कहा कि हम अहमदाबाद के अदाणी शांतिग्राम में अपने हाइड्रोजन मिश्रण प्रणाली के सफलता से शुरू होने की घोषणा करते हुए काफी रोमांचित हैं। पोस्ट में कहा गया है कि यह परियोजना 4,000 घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को निर्बाध हाइड्रोजन-मिश्रित प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी। वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी गुजरात के सूरत जिले के कवास में घरों को हरित हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करती है। गेल (इंडिया) लिमिटेड भी मध्य प्रदेश के इंदौर में ग्रे हाइड्रोजन के साथ सीएनजी की आपूर्ति के लिए एक छोटी पायलट परियोजना पर काम कर रही है।




# नए संकट में स्पाइसजेट, 5 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने स्पाइसजेट के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह और चार अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर आरोप है कि कंपनी ने कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की 12 प्रतिशत कटौती की गई राशि उनके पीएफ खाते में जमा नहीं की। यह राशि लगभग 65 करोड़ रुपये की है। ईपीएफओ द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। स्पाइसजेट के ऊपर आरोप है कि जून 2022 से जुलाई 2024 के बीच कर्मचारियों के वेतन से पीएफ के 12 प्रतिशत हिस्से की कटौती की गई थी, जिसे 15 अगस्त 2024 तक जमा किया जाना था. लेकिन कंपनी ने इसे जमा नहीं किया। एफआईआर में कंपनी के एमडी अजय सिंह, निदेशक शिवानी सिंह, स्वतंत्र निदेशक अनुराग भार्गव और दो अन्य अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। यह आरोप है कि कंपनी ने अपने 10,000 से अधिक कर्मचारियों से कटौती की गई राशि को ईपीएफओ में जमा नहीं किया, जो कानून का उल्लंघन है। स्पाइसजेट ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह मामला कंपनी द्वारा क्यूआईपी के जरिए नए फंड जुटाने से पहले का है और तब से सभी लंबित वेतन और जीएसटी बकाया चुकाए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि पीएफ के बकाए के दस महीने की रकम भी जमा की जा चुकी है और बाकी बकाया भी जल्द पूरा किया जाएगा।

# पंजाब के बाद उड़ता मध्य प्रदेश



राकेश अचल

हरियाणा और जम्मू-काश्मीर विधानसभाओं के लिए चुनाव होने के बाद आज और कल का दिन खबरों के लिहाज से शून्यकाल है। इस शून्यकाल में मै अपने सूबे मध्यप्रदेश को ले रहा हूँ । एक जमाना था जब देश में पंजाब उड़ता पंजाब हो गया था और एक समय ये है कि हमारा मध्यप्रदेश पंजाब के बाद अब उड़ता मध्यप्रदेश हो गया है।मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सूबे के हर जिले में बरसाना बसना चाहते हैं लेकिन उनकी पुलिस की अकर्मण्यता ने प्रदेश के हर जिले में ड्रगिस्तान बसा दिए है।

मध्यप्रदेश कमाई उड़ता हुआ तो बहुत दिनों से देख रहा था,लेकिन इस बारे में लिखने में संकोच कर रहा थी । कौन अपनी जाँघा उघाड़कर दिखाए, लेकिन जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी जी ने शनिवार को महाराष्ट्र में कहा कि-ह्ल कांग्रेस नशे के पैसों से चुनाव लड़ना चाहती है तो मुझे अपना उड़ता हुआ मध्यप्रदेश नजर आने लगा।

दुनिया जानती है कि भारत में मोदी युग के कथित अमृतकाल की वक्त ने उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है । 8 अक्टूबर को इसका प्रमाण भी मिलने जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कांग्रेस पर लगाए गए आरोप के कुछ ही घंटों बाद डबल इंजिन से चलने वाली प्रचंड बहुमत वाली मप्र सरकार की राजधानी भोपाल में 1800 करोड़ रू.के ड्रग्स मेफेद्रोन [ एम डी ] की फेक्ट्री और 5000 करोड़ के कच्चा माल भी पकड़ा गया है।

आपको पता है कि मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है। इसके लागू होने के चलते ये यह फेक्ट्री कई दिनों से चल रही थी लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं थी । या फिर पुलिस कमिश्नर से लेकर दूसरे तमाम लोग इस नशे के कारोबार के बारे में सब कुछ जानते हुए इसे संरक्षण दे रहे थे,क्योंकि पैसा सबको चाहि। सरकार को भी और पुलिस वालों को भी। सब जानते हैं कि मध्यप्रदेश में पिछले 21 वर्ष से भाजपा कि सरकार है न कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साहब की सरकार।

मुमकिन है कि कांग्रेस नशे के पैसे से चुनाव लड़ रही हो लेकिन हकीकत ये है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के गृहराज्य गुजरात जिसे गांधी का गुजरात भी कहा जाता है पिछले अनेक वर्षों से नशे का हृदय प्रदेश बना हुआ है। मप्र की सीमाओं से सभी कि स्म का नशा गुजरात होते हुए गोवा तक जा रहा है । अब गुजरात में हमारे पड़ौसी पाकिस्तान के नवाज शरीफ की सरकार तो है नहीं। गुजरात में भी 22 साल से दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी भाजपा कि सरकार है। खास बात ये है कि जिस प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी हैं वहां देश कि सबसे बड़ी नशे की मंडी बन गयी है

मध्यप्रदेश में तो नशे कि बड़ी खेप कल पकड़ी गयी है किन्तु आपको याद होगा कि . गुजरात के ही मुंद्रा पोर्ट में 22 हजार करोड़ रू. की ड्रग बहुत पहले पकड़ी जा चुकी है। यह पोर्ट किसका है और पोर्ट वाले पर किसकी कृपा बरस रही है ये देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया जानती है। यह ड्रग्स कहां से आई, किसने भेजी,कहां-कहां पहुंचनी थी, यह रहस्य काल के गाल में कहां समा गय। यह भी ठीक वैसा ही रहस्य है,जैसे जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में हमारे 40 सैनिकों की शहीदी के लिए चाक चौबंद सुरक्षा के बावजूद भी 350 क्विंटल आरडीएक्स कहां से आया था?

मुझे हैरानी है कि प्रधानमंत्री जी के अधीन देश के सुरक्षा सलाहकार, तीनों सेना,रॉ,एनआईए,सीबीआई जैसी तमाम महत्वपूर्ण सुरक्षा एजेंसियां मौजूद हैं, फिर भी डबल इंजिन से चलने वाले गुजरात और मध्यप्रदेश में आखिरकार इसतरह की सेंध कहां से लग रही है ? कौन लगा रहा हैं? क्या यह सरकार संरक्षित उपक्रम है या इन सभी एजेंसियों को पंगु बना दिया गया है ?

हम जैसे नामुराद लोग अक्सर सत्ता प्रतिष्टान में बैठे लोगों को आइना दिखने का काम करते आये हैं। इसलिए अनुरोध भी करते रहते हैं कि सत्ताधीश इसे अपना अपमान नसमझे । उन्हें पता होना चाहिए कि आइना चाहे कांच का हो या पानी का सही तस्वीर दीखता है । नारद जी को भी इसी जल मुकुर ने उनका मर्कट रुप तब दिखाया था जब वे राजकुमारी के मोह में पड़ गए थे। मेरा मध्य प्रदेश के पढ़े-लिखे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध है कि वे बात-बात पर पुलिस अधिकारीयों का तबादला करने,उन्हें निलंबित करने के बजाय सबसे पहले अपने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ही बदल ले, बेहतर हो कि वे पुलिस कमिश्नर प्रणाली कि ही समीक्षा कर देखें । क्योंकि यदि पुलिस कमिश्नर प्रणाली में छेड़ न होते तो मध्यप्रदेश आसानी से उड़ता मध्यप्रदेश न बन पाता। मध्यप्रदेश में गुजरात कि पुलिस का घुसना और दर्ज का जखीरा पकड़ना ही इस बात का प्रमाण है कि इस कारोबार के पीछे मध्यप्रदेश कि पुईस भी होगी और चुनाव लड़ने वाले लोग भी।

ड्रग माफिया पर रेड की कार्रवाई अचानक तो नहीं हुई है। जाहिर है कि मध्यप्रदेश पुलिस ने जब इस तरह कार्रवाई करने से अपना चेहरा छिपाया होगा तब जाकर गुजरात एटीएस ने यह कार्रवाई की योजना बनाई होगी ,क्योंकि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सूचना होती तो कार्रवाई करने के लिए गुजरात एटीएस की मदद नहीं लेती। दोनों राज्यों में एक ही दल की सरकार है इस सूचना को मध्यप्रदेश पुलिस को बता कर कार्रवाई कराई जा सकती थी। परंतु मध्य प्रदेश पुलिस पर गुजरात एटीएस को कदापि भरोसा नहीं था यह कारण है कि जब सूचना पर कार्रवाई करने की बात आयी तो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की मदद ली। सूचना एनसीबी की होती तो वह मध्यप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर कार्यवाही कर लेता।

प्रश्न उठता है कि यह सब ड्रग्स का कारोबार मध्यप्रदेश में कब से चल रहा था और इसका किन किन प्रांतों में फैलाव है। इस नेटवर्क से जुड़े हुए मध्यप्रदेश के तस्करों को चिन्हित कर गिरफ़्तार किया जायेगा या नहीं ? जिस जगह पर जिस व्यापक स्तर पर यह कारोबार चल रहा था उस पर भोपाल पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसटीएफ, खुफि या विभाग, राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो किसी को पता नहीं चलना यह दशार्ता है कि पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है और यह स्पष्ट रूप से पुलिस विभाग के मुखिया की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करता है क्योंकि उनकी इस कमजोरी का सीधा प्रतिकूल असर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि व नेतृत्व क्षमता पर पड़ता है।

उड़ते मप्र के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को बतौर मुख्यमंत्री व बतौर गृहमंत्री मध्यप्रदेश अपनी छाप वैसे ही छोड़ना चाहिए जैसे डम्फर से एक्सीडेंट पर परिवहन आयुक्त और गुना के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या गोवंश पर सर्वाधिक कार्रवाई करने वाले ज़िले में कुछ गोवंश को मार कर फेंकने के मामले में सिवनी के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक दीवार गिरने पर सागर के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक प्रायोजित दंगा रोकने और दंगाइयों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक रतलाम के हटाने की कार्रवाई करके दिया था। या फिर डॉ मोहन यादव वैसी ही चुप्पी साध लेंगे जैसे लोकसभा चुनाव की घोषणा और परिणाम की घोषणा के मध्यप्रदेश पुलिस की छवि धूमिल करने और अकर्मण्यता के कारण शहडोल, आगर मालवा, अशोक नगर और सिहोर के पुलिस अधीक्षकों को हटाते -हटाते इनका नाम लेना तक भूल गए।



प्रश्न उठता है कि यह सब ड्रग्स का कारोबार मध्यप्रदेश में कब से चल रहा था और इसका किन किन प्रांतों में फैलाव है। इस नेटवर्क से जुड़े हुए मध्यप्रदेश के तस्करों को चिन्हित कर गिरफ़्तार किया जायेगा या नहीं ? जिस जगह पर जिस व्यापक स्तर पर यह कारोबार चल रहा था उस पर भोपाल पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसटीएफ, खुफि या विभाग, राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो किसी को पता नहीं चलना यह दशार्ता है कि पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है और यह स्पष्ट रूप से पुलिस विभाग के मुखिया की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करता है।

## संपादकीय

### नतीजों की झलक

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में तथा हरियाणा में सभी सीटों में मतदान संपन्न होते ही एक्जिट पोल के परिणाम आने चालू हो गए। दोनों राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। अलग-अलग संस्थानों द्वारा कराए गए सर्वेक्षणों के अनुसार हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बना सकती है जबकि अधिकतर एक्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंड़ित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है। जम्मू-कश्मीर की सभी 90 और हरियाणा की सभी 90 सीटों पर हुए मतदान के नतीजों का देश भर को बेसब्री से इंतजार है। इंड़िया टुडे:-सी वोटर एक्जिट पोल के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में भाजपा को 27 से 32 सीटें मिल सकती हैं जबकि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को 40 से 48 सीटों पर जीत मिल सकती है। पीपड़ीपी को 6 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। एक हिन्दी अखबार के सर्वे में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को 35 से 40 जबकि भाजपा को 20से 25 सीटें दी गई हैं। पीड़ीपी को सिर्फ 4 से 7 सीटें मिलते बताया गया है। इंड़िया टुडे:-सी वोटर के अनुसार हरियाणा में कांग्रेस को 50 से 58, भाजपा को 20 से 28 सीटें मिलती दिख रही हैं। एक अन्य सर्वे में कांग्रेस को 44 से 54 तो भाजपा को 19 से 29 सीटें मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। एक्जिट पोल कराने वाली एजेंसियों द्वारा पोलिंग बूथों के पास खड़े. किए गये सदस्य वोट देकर निकलते वोटर से पूछते हैं, उन्होंने किसे वोट दिया। इसी जानकारी के अनुसार, चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर किए गए विश्लेषण पर ये नतीजे निकाले जाते हैं। इन्हें प्रसारित करने से पूर्व चुनाव आयोग से अनुमति भी लेनी होती है। हालांकि कई बार ये पोल बिल्कुल गलत भी सीबित होते हैं। मगर लोग इन्हें भरपूर उत्साह से देखते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्बदुल्ला ने इन एक्जिट पोल के नतीजों को खारिज करते हुए इन्हें टाइमपास कहा। चूंकि आम आदमी पार्टी ने भी इस बार हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, इसलिए एक्जिट पोल के नतीजों को लेकर पार्टी काफी नाखुश है। कहा जा रहा है कि भ्रष्टाचार, अपराध और बेरोजगारी के कारण हरियाणा में भाजपा को करारा झटका लगना तय है। उधर, जम्मू-कश्मीर की जनता केंद्र के रवैये को लेकर पहले ही असंतुष्ट है। इसलिए वहां विधानसभा में उसे विपक्ष में बैठना पड़.सकता है। कुल मिला कर यह केवल एक्जिट पोल है, सारा दारोमदार असल नतीजों पर ही टिका है।

## भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवसः बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना



योगेश कुमार गोयल



भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, त्तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा। एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्ल। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्ल की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्ल का नाम बदलकर ह्यइंडियन एयरफोर्सह्ल कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी ह्यवेस्टलैंडह्ल द्वारा निर्मित ह्यवापिती-2एह्ल था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

**(लेखक 34 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)**

## चिंतन-मनन

### क्या है जीवन का सार

दुख एक मानसिक कल्पना है। कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है। ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।

पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

महाराज जनक ने पूछा- यह कैसा शब्द है?

यमदूतों ने कहा-नरक के प्राणी चिल्ला रहे हैं।

जनक ने पूछा-क्या कह रहे हैं ये?

यमदूत बाले-ये आपको रोकना चाहते हैं।

जनक ने आश्चर्य से पूछा-ये मुझे यहां क्यों रोकना चाहते हैं?

यमदूत बोले- ये पापी प्राणी अपने-अपने पापों के अनुसार यहां दारुण यातना भोग रहे हैं। इन्हें बहुत पीड़ा थी। अब आपके शरीर को स्पर्श करके पुण्य वायु इन तक पहुंची तो इनकी पीड़ा दूर हो गई। इन्हें इससे बड़ी शांति मिली।

जनक जी बोले-हमारे यहां रहने से इन सबको शांति मिलती है, इनका कष्ट घटता है तो हम यहीं रहेंगे।

## क्रिप्टो करंसी : वैधानिक नियंत्रण और संतुलन



संजीव ठाकुर

आज का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है। तकनीकी परिवर्तन ने क्रिप्टो करंसी के रूप में एक नया अध्याय विकासशील देशों के सामने खोल कर रख दिया है। भारत जैसे विकासशील देश में बड़ी संख्या में नागरिकों को इंटरनेट और मोबाइल के संपूर्ण ज्ञान की ही समझ-परख नहीं है, ऐसे में क्रिप्टो करंसी का मायाजाल अबूझ पहेली बन कर सामने आया है।

क्रिप्टो करंसी के सिक्के के दो पहलू हैं। एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं, और दूसरे में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित हैं। क्रिप्टो करंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे न तो देखा जा सकता है, न ही मुद्रा की भांति जेब या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। भौतिक रूप से उपलब्ध न होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है। इसका संचालन-नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता। इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म के आधार पर बनाया जाता है। कंप्यूटर में ही देखा, गिना और भुगतान किया जा सकता है।

विश्व में सबसे पहली क्रिप्टो करंसी 2009 में जापान के नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करंसी उपलब्ध हैं। क्रिप्टो करंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है। लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है, लेन-देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था उपयुक्त लगती है। इसके लेन-देन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है जिसके लेन-देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती। लेन-देन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है। सामान्य बैंक खातों की तरह इसमें किसी प्रकार के कागजात की आवश्यकता भी नहीं होती। बैंकिंग प्रणाली तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लेन-देन पर सरकार का कड़ा नियंत्रण होता है, जबकि यह राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण के बाहर होने कारण लेन-देन के आदान-प्रदान का विश्वसनीय एवं सुरक्षित माध्यम बन कर उभरी है। सरकार के पास बैंक खाते को जब्त करने का अधिकार होता है जबकि क्रिप्टो करंसी के मामले में वह ऐसा नहीं कर सकती। नोटबंदी एवं मुद्रा के अवमूल्यन का भी इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

क्रिप्टो करंसी सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही कम लागत पर एक देश से दूसरे देश को पैसा भेजने के लिए सुगम साधन बन चुकी है। 2009 में बिटकॉइन क्रिप्टो करंसी की शुरू आत हुई थी। वर्तमान में एक बिलियन बिटकॉइन इंटरनेट के नेटवर्क में समाहित हैं तथा नये बिटकॉइन का लगातार आगमन हो रहा है। प्रत्येक बिटकॉइन का मूल्य 500 रुपये है, जो दुनिया की सबसे महंगी करंसी मानी जाती है। कुछ लोग इसे गोल्डरश के नाम से भी पुकारते हैं। 2014 से माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी सेवाओं के लिए बिटकॉइन के रूप में भुगतान लेना शुरू कर दिया। निकोसिया विश्वविद्यालय भी विद्यार्थियों के प्रवेश शुल्क के रूप में बिटकॉइन करंसी स्वीकार करता है। 2018 प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल द्वीप क्रिप्टो करंसी के लीगल टेंडर को मान्यता देने वाला पहला देश है। वेनेजुएला ने भी क्रिप्टो करंसी की तर्ज पर पेट्रो नामक करंसी प्रारंभ की है ऐसा करने वाला विश्व का वह पहला संप्रभुता वाला देश है।

कई देशों में इसे आर्थिक संकट से उबारने वाले उपाय की तरह देखा जा रहा है। कई देश इसकी पारदर्शिता तथा विधि स्वीकार्यता को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं। कई देशों ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है, इसे मान्यता प्रदान नहीं की है। भारत ने भी अभी इसे मान्यता प्रदान नहीं की है। भारतीय संदर्भ में आभासी मुद्रा में उच्च स्तर की अनिश्चितता के कारण सरकार का ड्डष्टिकोण प्रतिबंधात्मक रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 1913 में पहली बार इस संदर्भ में चेतावनी जारी की थी। 2017 में रिजर्व बैंक ने जनता को आगाह कर क्रिप्टो करंसी से सावधान रहने को कहा। रिजर्व बैंक ने किसी प्रकार की क्रिप्टो करंसी को मान्यता प्राधिकार या लाइसेंस नहीं दिया है। क्रिप्टो करंसी पर प्रतिबंध एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा विधेयक, 2019 के ड्राफ्ट में प्रस्ताव दिया गया है कि देश में क्रिप्टो करंसी की खरीद-बिक्री करने वालों को 10 वर्ष की जेल की सजा होगी। क्रिप्टो करंसी काले धन को छुपाने का बड़ा जरिया भी हो सकती है। इस करंसी की सबसे बड़ी हानि यह है कि इसका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है, इसका मुद्रण नहीं किया जा सकता। इस कारण इसका प्रयोग अवैध कार्यों के लिए जैसे अवैध हथियार खरीदी, मादक पदार्थों के व्यापार, आतंकवादी गतिविधियों में मनी लॉन्ड्रिंग आदी में किए जाने की आशंका बढ़ जाती है। अतः इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।



स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स ने मेरी लाइफ बदल दी

**वेब सीरीज फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में नजर आई अभिनेत्री और ज्वेलरी डिजाइनर नीलम कोठारी इसके अपकमिंग सीजन में काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शो को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि इससे उनके बिजनेस ने तरक्की की है।**

शो के बारे में बात करते हुए नीलम ने कहा, फैबुलस लाइव्स ने मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। इसने मेरे लिए कई दरवाजे खोले हैं। मेरा ज्वेलरी और इंटीरियर डिजाइन का काम इससे काफी बढ़ा है। यह मेरे लिए वाकई गेम चेंजर रहा है। मैंने मेड इन हेवन में भी एक छोटा सा कैमियो किया है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग मेरी फिल्में देखते थे, वह अब मुझे सीरीज के जरिए स्क्रीन पर देख रहे हैं। अब मेरे उन फैंस के साथ उनके बच्चे भी मेरे फैन हो गए है। यह सब फिल?म मेकर करण जौहर की बदौलत ही मुमकिन हो पाया है। मैं इस मौका देने के लिए उनकी दिल से आभारी हूं। बता दें कि दर्शक जल्द ही वेब शो फैबुलस लाइफ वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 का लुत्फ उठा पाएंगे। अगले सीजन के बारे में बात करते हुए नीलम ने कहा, मुझे लगता है कि सीजन 3 एक अलग तरह का सीजन होने वाला है। यह इस बार आश्चर्य से भरा होगा। इसमें भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। इसके अलावा भी इसमें बहुत कुछ दिखाई देगा नीलम एक बार फिर अपनी सहेलियों भावना पांडे, सीमा सजदेह और महीप कपूर के साथ रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी चावला जैसे नए चेहरों के साथ मिलकर उनकी शानदार जिंदगी की झलक लेकर आ रही है। नीलम ने बताया कि अपने पुराने दोस्तों और नए कलाकारों के साथ काम करना बेहद शानदार रहा। इस बार दर्शकों को इसमें मेरा एक अलग ही अंदाज देखने को मिलेगा। नीलम ने कहा कि मुझे लगता है कि लोग इसे इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि इसमें दोस्तों की मंडली है और सभी वास्तविक हैं, हर किसी का व्यक्तित्व अपने आप में अलग है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि शो ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया।



# स्पाई एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करेंगी सारा अर्जुन

**रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद रणवीर सिंह एक और सोलो प्रोजेक्ट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। नई फिल्म का निर्देशन आदित्य धर करेंगे। वहीं, अब इस फिल्म में मुख्य नायिका की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में जानकारी सामने आई है। नई जानकारी के अनुसार, सारा अर्जुन इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।**

सारा इससे पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ-साथ कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में नंदिनी के बचपन का किरदार भी निभाया था। हालांकि सारा के किरदार के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तक नहीं मिली है, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों में अन्य फिल्मों में अपनी छोटी-मोटी भूमिकाओं की तुलना में अब इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मुख्य भूमिका निभाने के बावजूद, आगामी प्रोजेक्ट में उनकी स्क्रीन पर सीमित उपस्थिति होगी। इसके अलावा, सारा की कास्टिंग को भी कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें लोग उनके और रणवीर के बीच उम्र के अंतर पर सवाल उठा रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का नाम धुरंधर है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से फिल्म के शीर्षक का एलान होना बाकी है। यह शीर्षकहीन फिल्म एक स्पाई एक्शन थ्रिलर होगी और आदित्य ने इसमें सहायक कलाकारों के रूप में संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे प्रतिभाशाली चेहरों को शामिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर पाकिस्तान में एक मिशन पर तैनात एक खुफिया अधिकारी की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के लिए प्रोडक्शन का काम इस साल जुलाई में ही शुरू हो गया था और निर्माता इसे अगले साल की दूसरी छमाही तक बड़े पर्दे पर लाने की योजना बना रहे हैं। संजय दत्त खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल भारतीय खुफिया एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को बड़े बजट के साथ बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसमें धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस और कहानी में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित, लोकेश धर और आदित्य धर के साथ उनके बैनर बी62 स्टूडियोज के तहत इस फिल्म का निर्देशन आदित्य ने किया है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य धर की दूसरी प्रमुख मोशन पिक्चर होगी, जो वर्ष 2019 में रिलीज हुई रिकॉर्ड तोड़ ब्लॉकबस्टर उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक के बाद है।

# आलिया की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा क्रिसमस 2025 को होगी रिलीज



आलिया की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा के निर्माताओं ने आखिरकार रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है। यह फिल्म क्रिसमस पर यानी 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री शरवरी भी नजर आएंगी। अपकमिंग स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की रिलीज डेट की घोषणा यशराज फिल्म्स बैनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर की। इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिसमें रिलीज की तारीख बताई गई है। यशराज फिल्म्स बैनर ने पोस्ट पर कैप्शन देते हुए लिखा कि अल्फा क्रिसमस 2025 को रिलीज होगी। शिव रवैल द्वारा निर्देशित फिल्म में आलिया और शरवरी दोनों ही सुपर एजेंट की भूमिका में नजर आएंगी। सितंबर में यह बताया गया था कि दोनों अभिनेत्रियां मुंबई में अल्फा के अपने अगले चुनौतीपूर्ण शेड्यूल के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। उस समय एक सूत्र ने कहा था, अल्फा का सबसे खतरनाक, शारीरिक रूप से थका देने वाला शेड्यूल आलिया और शरवरी का इंतजार कर रहा है। सूत्र ने बताया कि शेड्यूल के लिए एक बहुत ही सुरक्षित सेट लगाया गया है। यह शूट 15 दिनों तक चलेगा। इसके लिए मुंबई में एक बहुत ही सुरक्षित सेट बनाया गया है और दोनों को इसके लिए बेहद ही खास तरह के फिटनेस की आवश्यकता होगी, ताकि दर्शक इसका भरपूर आनंद ले सके। सूत्र के अनुसार आलिया और शरवरी फिल्म में बहुत सारे एक्शन करती नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, आलिया ने इस फिल्म के लिए महीनों की ट्रेनिंग ली है। कुछ दिनों पहले उनके ट्रेनर द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में दिखाया गया था कि कैसे वह अल्फा के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। आलिया ने 2012 में करण जौहर की टीनएजर फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन थे। इसके बाद वह हाईवे, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, उड़ता पंजाब, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, राजी, गली बॉय, गंगूबाई काठियावाड़ी, आरआरआर, ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन - शिवा और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने अभिनेता रणबीर कपूर से 14 अप्रैल, 2022 को मुंबई में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। दंपति की एक बेटी है जिसका नाम राहा है।



# तनु वेड्स मनु 3 में तिहरी भूमिका में नजर आएंगी कंगना रनौत

कंगना रनौत कथित तौर पर तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल निभाने के लिए तैयार हैं। फिल्म की स्क्रिप्टिंग चल रही है और यह 2025 में फ्लोर पर आएगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में डबल रोल निभाने के बाद, कंगना रनौत इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में ट्रिपल रोल निभा सकती हैं। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो डायरेक्टर आनंद एल राय की तनु वेड्स मनु 3 में कंगना रनौत ट्रिपल रोल में होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, कंगना को आर माधवन के साथ फिल्म के लिए ट्रिपल रोल ऑफर किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, कंगना अपने करियर की पहली ट्रिपल भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं, और आनंद एल राय से पूरी कहानी का इंतज़ार कर रही हैं। यह फिल्म उन्हें एक कलाकार के रूप में नए रूप में ढलने का मौका देगी। यह आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब कंगना रनौत ने पहले कहा था कि अगर उनका राजनीतिक करियर आगे बढ़ा तो वह बॉलीवुड करियर को अलविदा कहने पर विचार कर सकती हैं। उसी सूत्र ने फिल्म के बारे में भी बात की और कहा, यह सही मायनों में एक सीक्वल है और निर्माताओं को एक ऐसी कहानी मिली है जो खुद को एक त्रयी की ओर ले जाती है। भाग एक और दो की दुनिया के प्रति सच्चे रहते हुए, तीसरी किस्त भी रोमांस और ड्रामा के साथ हास्य का मिश्रण होगी। मूल विचार आनंद एल राय द्वारा तय किया गया है और इरादा 2025 की दूसरी छमाही में फिल्म को फ्लोर पर ले जाने का है। आनंद एल राय फिलहाल तेरे इश्क में व्यस्त हैं, जिसमें वे धनुष के साथ फिर से काम कर रहे हैं। इस बीच, कंगना अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट का इंतजार कर रही हैं,



# अनन्या की फिल्म कंट्रोल पर आई सामंथा की प्रतिक्रिया

अनन्या पांडे अपनी नवीनतम फिल्म कंट्रोल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है वहीं, अब अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने कंट्रोल का रिव्यू किया है। सामंथा ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। उन्होंने फिल्म में अनन्या पांडे के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इसे उत्कृष्ट बताया। सामंथा ने आगे लिखा, फिल्म शुरू से अंत तक मनोरंजक है और असाधारण रूप से अच्छी तरह से बनाया गया है।



# बिग बॉस 18 में नजर आने वाली हैं नब्बे के दशक की अभिनेत्री रही शिल्पा शिरोडकर

शिल्पा शिरोडकर जल्द ही बिग बॉस 18 में शिरकत करती नजर आने वाली हैं। लंबे समय से फिल्मी चकाचौंध से दूर रहीं शिल्पा हिंदी फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह नब्बे के दशक की बेहतरीन अभिनेत्री रही हैं, जिन्होंने कई सफल फिल्में की हैं। वह बॉलीवुड के उन चुनिंदा कलाकारों में से हैं, जिन्होंने स्टारडम की ऊंचाईयों पर पहुंचने के बाद फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया था।

अब एक बार फिर वह बिग बॉस के द्वारा अपना जलवा बिखेरने को तैयार नजर आ रही हैं। महाराष्ट्र में जन्मी शिल्पा मशहूर मराठी अभिनेत्री मीनाक्षी शिरोडकर की पौत्री हैं। शिल्पा के ईर्द-गिर्द कला और अभिनय हमेशा से मौजूद रहा। उनकी बहन नम्रता शिरोड़कर भी एक अभिनेत्री हैं। दोनों ने अपना करियर लगभग एक साथ ही शुरु किया। नम्रता मॉडलिंग में सक्रिय हो गईं और शिल्पा अभिनय की दुनिया में आ गईं। शिल्पा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1989 की फिल्म भ्रष्टाचार से किया था। भ्रष्टाचार के बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। उन्होंने इंडस्ट्री के कई जाने-माने हीरो के अपोजिट मुख्य भूमिकाएं की हैं। शिल्पा ने अपने अभिनय और खूबसूरती से अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्हें साल 1990 में आई फिल्म कृष्ण कन्हैया से काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद वह आंखें, खुदा गवाह, गोपी किशन, मृत्युदंड जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने कई सफल और बेहतरीन फिल्में कीं। बड़े पर्दे उनकी आखिरी फिल्म गजगामिनी थी, जो साल 2000 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने अभिनय से ब्रेक ले लिया। अब एक बार फिर वह दर्शकों के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली हैं। वह इस बार बिग बॉस के 18वें सीजन में भाग ले रही हैं। शो के निर्मताओं द्वारा प्रोमो जारी कर उनके शो में भाग लेने पर मुहर लगा दिया गया। मेकर्स द्वारा जारी किए गए प्रोमो में उन्हें नब्बे के दशक की सेंसेशनल क्वीन बताया गया है। बहुत जल्द ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मेजबानी वाले शो में शिरकत करती नजर आएंगी।

# साइकोलॉजिकल थ्रिलर हमेशा से ही मेरी पसंद रही है



फिल्म फाइटर में नजर आए अभिनेता अक्षय ओबेरॉय जल्द ही अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट रेजिडेंट में कुछ अलग अंदाज में दिखेंगे। फाइटर में अभिनेता के काम को खूब सराहा गया था। फिल्म की शूटिंग नवंबर में एक अंतरराष्ट्रीय लोकेशन पर होने जा रही है। जो दर्शकों का बेहतर मनोरंजन करने का वादा करती है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेता अक्षय ओबेरॉय बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, साइकोलॉजिकल थ्रिलर हमेशा से ही मेरी पसंद रही है। यह फिल्में रहस्य और गहराई का एक अनूठा संगम होती हैं। इस फिल्म के विषय ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। मैं आकाश गोइला के निर्देशन और फिल्मेरा टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं और मैं इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। हाल ही में यह खबर भी सामने आई थी कि अभिनेता यश-स्टारर टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स में भी नजर आएंगे। इसकी जानकारी दर्शकों को खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए खुशी जताई थी। अभिनेता ने हाल ही में वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग की है। वह इसके अलावा तू चाहिए, दिल है ग्रे, टू जीरो वन फोर और इलीगल 3 में भी नजर आएंगे।

# हार्दिक पांड्या ने पहले टी20 में बनाए दो रिकॉर्ड, विराट कोहली को छोड़ा पीछे

**ग्वालियर (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी20 में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पछाड़ दिया है। हार्दिक ने बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में पहले टी20 मैच में सबसे ज्यादा छक्के के साथ मैच समाप्त करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसी के साथ ही वह भारत के चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

मैच के दौरान हार्दिक ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। पहले गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 6.50 की इकॉनमी रेट से अपने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। बाद में 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्दिक ने 16 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39* रन बनाकर शानदार फिनिशिंग की। उनके रन 243.75 की स्ट्राइक रेट से आए। अपनी पारी के दौरान पांड्या ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। इसमें विकेटकीपर के सिर के ऊपर से नो-लुक रैंप शॉट भी शामिल था। ऑलराउंडर ने शॉट खेलते समय अपने खास आत्मविश्वास और स्वैगर का परिचय दिया, अपनी ताकत और बल्ले पर इतना भरोसा किया कि उन्हें पता था कि गेंद किसी भी तरह बाउंड्री की ओर जा रही है।

अब हार्दिक ने भारत के लिए टी20आई मैच में कुल पांच बार छक्का लगाकर मैच समाप्त किया है, जिससे उन्होंने विराट के चार बार ऐसा करने के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही अपने एक विकेट के साथ, पांड्या (87 विकेट) ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (86 विकेट) को पीछे छोड़ते हुए सबसे छोटे प्रारूप में भारत के चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 96 विकेट लिए हैं, लेकिन वह लम्बे समय से टीम से बाहर हैं।



# हरमनप्रीत की फिटनेस का पता जांच रिपोर्ट के बाद ही चलेगा : मंधाना



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर की जांच चल रही हैं और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी फिटनेस पर कुछ कहा जा सकेगा। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ मैच में खेल समाप्त होने के कुछ समय पहे चोटिल हो गयीं थीं। हरमनप्रीत गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जिसके बाद से ही उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंतित हो गए। मैच के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि चिकित्सा दल उनकी गर्दन की चोट की जांच कर रहा है। स्मृति ने कहा, अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। चिकित्सक उनकी जांच कर रहे हैं। उनके शीघ्र ठीक होने की उम्मीद है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने शानदार जीत दर्ज की। पाक गेंदबाजों की कसी हुई अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25 रन ही बना पायी। स्मृति ने माना कि भारतीय टीम ने जिस तरह से लक्ष्य का पीछा किसा उसमें सुधार हो सकता था, अब उनका नेट रन रेट -1.217 है। पाकिस्तान का रन रेट और स्थिति हार के बाद भी बेहतर है।

# पीसीबी प्रमुख को भरोसा, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आएगी टीम इंडिया



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना गया है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है।

नकवी ने कहा, 'भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं। नकवी ने कहा, 'स्टेडियम भी तय समय पर मैचों की मेजबानी के लिए तैयार हो जाएंगे।'

# हमने टीम मीटिंग में जो निर्णय लिया, वह कारगर रहा : पहले मैच जीतकर पर बोले

**ग्वालियर (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले टी20 में बांग्लादेश पर टीम की 7 विकेट से शानदार जीत पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने भारत की जीत की नींव रखी और मेहमान टीम को 127 रन पर समेट दिया। इन दोनों ने मिलकर छह विकेट चटकाए। जवाब में विश्व चैंपियन टीम ने अपने स्तर का प्रदर्शन किया और 49 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।

हार्दिक पांड्या ने बल्ले से तूफानी प्रदर्शन किया और 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन बनाए। सूर्यकुमार ने भी तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने भी 19 गेंदों पर 29 रन का योगदान देकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। मैच के बाद भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने बस अपने कौशल का समर्थन करने की कोशिश की और हमने अपनी टीम मीटिंग में जो निर्णय लिया, वह कारगर रहा। जिस तरह से खिलाड़ियों ने नए मैदान पर खेलते हुए चरित्र दिखाया और जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, वह शानदार था।'

सीरीज के पहले मैच में भारत ने मयंक यादव और नितीश रेड्डी को डेब्यू कैप दी। यह कदम कारगर साबित हुआ क्योंकि मयंक ने अपने करियर की शुरुआत मेडन से की और उसके बाद अपने दूसरे ओवर में महमुदुल्लाह का विकेट लिया। तेज गेंदबाज ने अपने चार ओवर में 1-21 के आंकड़े के साथ वापसी की। इस बीच नितीश अपने दो ओवर में विकेट नहीं निकाल पाए लेकिन एक छक्के सहित 16 रन बनाए। उनके प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, 'बहुत उत्साहित हूं और अगले मैचों में उन्हें देखने के लिए उत्सुक हूं। जब आप मैदान पर होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द होता है कि किसे गेंदबाजी करनी है। हर बार जब आपके पास एक अतिरिक्त विकल्प होता है, तो यह अच्छी बात है। आप हर नए खेल में कुछ नया सीखते हैं।'




उन्होंने कहा, 'हमेशा कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत होती है, हम अगले गेम में बैठकर इस पर बात करेंगे।' भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टी-20 मैच बुधवार को दिल्ली में खेला जाएगा जिसके बाद श्रृंखला का अंतिम मैच हैदराबाद में होगा।

## इस माह के अंत तक एकदिवसीय और टी20 के लिए कप्तान की घोषणा करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के इस महीने के अंत तक सीमित ओवरों के लिए लिए कप्तान की घोषणा करेगा। इससे पहले बाबर आजम ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वहीं टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन भी अपने घर दक्षिण अफ्रीका लौट गये हैं। इसी को लेकर पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीरीज के लिए इसी माह के अंत में 29 अक्टूबर को टीम से जुड़ेंगे। कर्स्टन सीधे मेलबर्न पहुंचेगी। हाल में कर्स्टन ने चैम्पियंस कप में पाकिस्तान के खिलाड़ियों की स्थिति का आंकलन करने के बाद क्रिकेट की स्थिति पर चयनकर्ताओं तथा बोर्ड अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में अपने विचार रखे थे। पाकिस्तान को नवंबर-दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में कुल 18 मैच खेलने हैं इसमें नौ एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच है। इसकी दौरे की शुरुआत चार नवंबर को मेलबर्न से होगी। अभी तक मिले अनुमानों के अनुसार विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी सीमित ओवर प्रारूप में कप्तानी के दावेदार हैं।

## पहला ही ओवर मेडन करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने मयंक यादव

ग्वालियर। युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। मयंक ने अपना पहला ही ओवर मेडन किया। इस प्रकार मयंक पहला ही ओवर मेडन करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। मयंक से पहले ये रिकार्ड केवल पूर्व क्रिकेटर अजित आगरकर और अर्शदीप सिंह के नाम था। मयंक और आगरकर के अलावा केवल एक अन्य भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दो साल पहले आगरकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मयंक प्रशंसकों को उम्मीद थी कि फैंस को उम्मीद रही होगी कि कप्तान सूर्यकुमार यादव उन्हें नई गेंद से अवसर देंगे पर ऐसा नहीं हुआ। पहले चार ओवर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने किए जबकि पांचवां ओवर स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मिला। इसके बाद मयंक को गेंदबाजी मिली। मयंक यादव ने अपने पहले ओवर में ही बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को एक रन भी नहीं बनाने दिया। इस प्रकार मयंक यादव भारत के तीसरे ऐसे गेंदबाज बन गए, जिन्होंने अपने पहले टी20 मैच का पहला ओवर ही मेडन फेंका।



## भारतीय क्रिकेट टीम के पास नया रिकार्ड बनाने का अवसर

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पास बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के बचे हुए मैच अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। भारतीयटीम ने जुलाई 2024 से अब तक लगातार 8 टी20 मैच जीते हैं। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ बाकी बचे हुए दो मैचों को जीतने के बाद टीम इंडिया साल 2020 में मिली लगातार 9 जीत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकती है। भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखकर लगता है कि वह नया रिकार्ड बनायेगी। इस साल भारतीय टीम केवल एक टी20 मैच ही हारी है। इस बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता इस साल भारत ने 20 टी20 अंतर्राष्ट्रीच खेले हैं और सिर्फ एक ही मैच हारी है। भारतीय टीम के पिछले कुछ सालों में किए गए टी20 प्रदर्शन पर बात करें दिसंबर 2023 से लेकर जून 2024 तक भारत ने 12 टी20 जीत दर्ज की हैं। नवंबर 2021 से लेकर फरवरी 2022 तक भी भारत ने लगातार 12 टी20 जीत दर्ज की थी। इसके अलावा 2020 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक भारत ने लगातार 9 जीत दर्ज की थी। अब भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2024 से अब तक 8 जीत के साथ पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने के रास्ते पर है। टीम ने पहले टी20 में जैसा प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए आगे भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में 5 मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से हारने के बाद से ही कोई सीरीज नहीं हारी है। इसके बाद भारत ने टी20 सीरीज में आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, जिंबाब्वे और श्रीलंका को हराया है। इसी दौरान टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता है।



# आर्कटिक ओपन सुपर 500: पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्लीवंता (फिनलैंड)। (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया। सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया।

दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली सेजबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।




सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैंतो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है। चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे।

महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

## हरमनप्रीत ने अपनी सफलता का श्रेय एचआईएल को दिया

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के कारण ही वह आज यहां तक पहुंचे हैं। ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत के लिए अब तक का सफर अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लीग से अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर उन्हें मिला था। इसी कारण वह 234 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 205 गोल दागने में सफल रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, ''हॉकी इंडिया लीग का मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे विभिन्न कोचों के अंतर्गत अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच दिया।'' उन्होंने कहा, ''लीग में खेलने से और विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से ही आप आगे बढ़ते हैं। इससे आपको सोचने के कई दृष्टिकोण और तरीके मिलते हैं।'' हरमनप्रीत ने कहा, ''यह सब भारतीय हॉकी के विकास का अहम हिस्सा था और इसने निश्चित रूप से ओलंपिक पदक जीतने में हमारी सहायता की।'' हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए एचआईएल से ज्यादा अच्छा कुछ नहीं हो सकता और देश के सभी खिलाड़ी इस लीग में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित होंगे।



## बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जीत का श्रेय गंभीर को नहीं इसे देना चाहिए : गावस्कर



स्पोर्ट्स डेस्क - महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की उल्लेखनीय टेस्ट जीत का श्रेय नवनियुक्त कोच गौतम गंभीर के बजाय रोहित शर्मा को जाना चाहिए। गावस्कर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट की आक्रामक शैली को अपनाया है और इस साहसिक दृष्टिकोण को वर्णित करने के लिए 'गोहित' लेबल का सुझाव दिया। गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति के लिए गंभीर को मान्यता मिलने पर अपनी निराशा व्यक्त की और इसे ' 'उच्च कोटि की चाटुकारिता' ' करार दिया। गावस्कर ने लिखा, 'जबकि बेन स्टोक्स और मैकुलम के नए शासन के तहत इंग्लैंड की बल्लेबाजी का तरीका पूरी तरह से बदल गया, हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि रोहित इसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गंभीर को कोचिंग दिए हुए अभी कुछ महीने ही हुए हैं, इसलिए इस दृष्टिकोण को उनके नाम करना सबसे बड़ी गलती है। गंभीर ने शायद ही कभी इस तरह से बल्लेबाजी की हो, जैसा मैकुलम किया करते थे। अगर कोई श्रेय दिया जाना चाहिए, तो वह केवल रोहित को है और किसी और को नहीं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह से 50 साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में वाटरगेट कांड के बाद अब किसी भी घोटाले को यह-गेट या वह-गेट कहा जाता है, उसी तरह इस भारतीय बल्लेबाजी दृष्टिकोण को इंग्लैंड टीम के बल्लेबाजी रवैये के लिए 'बाजबॉल' शब्द गढ़े जाने के बाद यह-बॉल और वह-बॉल कहा जाने लगा। इसे ऐसा इसलिए कहा गया क्योंकि 'बाज' ' उनके कोच, न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम का उप-नाम है, जिन्होंने ठीक उसी तरह बल्लेबाजी की, जैसी उनकी टीम कर रही थी – रन बनाने के प्रयास में सावधानी को हवा में उड़ा दिया।'

## भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को हराने का नतीजा, सनत जयसूर्या बने श्रीलंका के प्रमुख कोच

कोलंबो। सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'श्रीलंका क्रिकेट की एग्जेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है।' पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।



# भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने लिया संन्यास, ओलंपिक में नहीं जीत पाई थीं पदक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने अचानक संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। दीपा 2016 के रियो ओलंपिक में पदक से चूक गई थीं, उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था। 31 वर्षीय दीपा ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट बनीं थीं। उनका रियो ओलंपिक के वॉल्ट इवेंट में महज 0.15 पॉइंट से ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना अधूरा रह गया था।

वहीं दीपा ने संन्यास को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, बहुत सोच-समझ कर मैंने जिमनास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। ये कोई आसान फैसला नहीं, लेकिन मुझे लगता है कि ये सही वक्त है। जब से मैं याद कर सकती हूं जिमनास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा और मैं उतार-चढ़ाव और बीच की हर चीज के लिए आभारी हूं।

दीपा ने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीता था और ऐसा करने वाली भारत की पहली जिमनास्ट बनीं थीं। उन्होंने अपने सफर को लेकर कहा कि, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे अपनी हर उपलब्धि पर गर्व महसूस होता है। विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, पदक जीतना और सबसे यादगार, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना। हमेशा मेरे करियर के शिखर के रूप में याद किया जाएगा। ये पल सिर्फ मेरे लिए जीत नहीं थे, ये भारत की हर उस युवा लड़की की जीत थी जिसने सपने देखने की हिम्मत की, जिसने माना की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है।



# इजराइल का हमला जारी, हिजबुल्लाह के कई बड़े लड़ाकों को मारने का दावा, लेबनान-सीरिया सड़क संपर्क तोड़ा



**बेरूत, एजेंसी।** इजराइल की ओर से शुक्रवार को भी बेरूत के उपनगरीय हिस्सों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए. इस बीच इजराइली सेना ने दावा किया है कि पिछले चार दिनों के दौरान 250 हिजबुल्लाह सैनिकों को मार गिराया गया है. वहीं लेबनान-सीरिया सीमा के बीच प्रमुख सड़क संपर्क को तोड़ दिया गया है. बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रात को हुए विस्फोटों से आसमान में धुएं और आग के बड़े-बड़े गुबार देखे गए. लेबनान की राजधानी में कई किलोमीटर दूर इमारतें हिल गई. दहियेह में लोग घर से बाहर निकल कर सड़कों पर देखे गए. बताया जा रहा है कि हवाई हमलों में कई इमारते ध्वस्त हो गई और कारें जलकर खाक हो गई. इजरायली सेना ने कहा कि उसने आधी रात के आसपास हिजबुल्लाह के केंद्रीय खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया. उसने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में उसने 100 हिजबुल्लाह लड़ाकों को मार गिराया है.

लेबनान में मारे गए 1400 लोग लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने इस क्षेत्र में लगातार 10 से अधिक से हवाई हमलों की सूचना दी है. सितंबर के अंत में इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह को कमजोर करने और उसे देशों की साझा सीमा से दूर धकेलने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद से हिजबुल्लाह के लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग 1,400 लेबनानी मारे गए हैं. इस बीच लगभग 12 लाख लोगों को उनके घरों से निकलने पर मजबूर कर दिया गया.

**हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेट :** इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह ने शुक्रवार को इजराइल में लगभग 100 रॉकेट दागे. इजराइली सेना ने यह भी कहा कि एक दिन पहले बेरूत में हुए हमले में हिजबुल्लाह के संचार विभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्काफी की मौत हो गई. सेना ने एक बयान में कहा कि स्काफी एक वरिष्ठ हिजबुल्लाह लड़ाका था जो 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था और हिजबुल्लाह के उच्च अधिकारियों के साथ निकट रूप से जुड़ा हुआ था.

इजरायली सेना ने हवाई हमला कर लेबनान-सीरिया सीमा सड़क बंद किया लेबनान-सीरिया सीमा के बीच करीब आधा दर्जन क्रॉसिंग है और अधिकतर खुले थे. इन क्रॉसिंग के माध्यम से हिजबुल्लाह द्वारा सैन्य उपकरण ला जा रहा था. कहा जा रहा है कि हिजबुल्लाह को अपने मुख्य समर्थक ईरान से सीरिया के माध्यम से अपने अधिकांश हथियार प्राप्त हुए. इसे देखते हुए इजराइली सैनिकों ने इन क्रॉसिंगों को निशाना बनाया. वीडियो फुटेज में सड़क के दोनों ओर दो बड़े गड्ढे दिखे. लोग अपनी कारों से उतरकर अपने सामान के साथ पैदल ही सीमा पार करते देखे गए. पिछले 10 से 15 दिनों के दौरान भारी संख्या में लोग सीमा पार करके गए. इजराइल ने मंगलवार को लेबनान में जमीनी स्तर पर अपनी कार्रवाई शुरू की और इसकी सेना सीमा पर एक संकरी पट्टी में हिजबुल्लाह के लड़ाकों से भिड़ रही है. इजराइल ने उत्तरी इजराइल में हिजबुल्लाह की गोलीबारी को रोकने की कसम खाई है. आईडीएफ हमले में मारा गया हिजबुल्लाह लड़ाका अनीसी इजराइली सुरक्षा बलों ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले कर एक बड़ा लड़ाका महमूद यूसुफ अनीसी को मार गिराने का दावा किया है. अनीसी 15 साल पहले हिजबुल्लाह में शामिल हुआ था और लेबनान में हिजबुल्लाह कई अभियानों के नेताओं में से एक था. वह हथियार निर्माण के क्षेत्र में कई तकनीकी क्षमताओं का महारथी था.

**दक्षिणी लेबनान में घर के अंदर मिला हथियारों का जखीरा :** इजरायली सेना ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर बेरूत में एक रिहायशी परिसर में छापेमारी की. इस दौरान सैनिकों ने घर के अंदर से रॉकेट लॉन्चर गोला-बारूद, एंटी-टैंक मिसाइल और रॉकेट पाए मिलने का दावा किया. इजरायली सेना के अनुसार इमारतों और नागरिक घरों में दर्जनों हथियार छोड़े गए थे. इनका टारगेट इजरायली क्षेत्र था. हथियारों में एंटी-टैंक मिसाइल, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक उपकरण शामिल थे. हिजबुल्लाह की संचार इकाई के कमांडर राशिद सकाफी मारा गया आईडीएफ ने दावा किया है कि बेरूत में एक हमले के दौरान हिजबुल्लाह की संचार इकाई के कमांडर मोहम्मद राशिद सकाफी मारा गया. सकाफी हिजबुल्लाह का एक बड़ा लड़ाका था. वह 2000 से संचार इकाई का कमान संभाल रहा था. सकाफी ने हिजबुल्लाह की सभी इकाइयों के बीच संचार क्षमताओं को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किया था. इजराइली सेना ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया है कि उसने पिछले 4 दिनों में 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### मिंगमा ने रचा इतिहास, अतिरिक्त ऑक्सीजन बगैर 8000 मीटर से अधिक ऊंची 14 चोटियां चढ़ने वाले पहले पर्वतारोही बने



**काठमांडू, एजेंसी।** प्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही मिंगमा जी. शेरपा ने अतिरिक्त ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना 8,000 मीटर से अधिक ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़ने वाले पहले नेपाली पर्वतारोही बनकर शुक्रवार को इतिहास रच दिया। अभियान का आयोजन करने वाले इमेजिन नेपाल ट्रेक्स के निदेशक दावा शेरपा ने दावा किया कि 38 वर्षीय मिंगमा शाम करीब 4-06 बजे तिब्बत में शीशपांगमा (8,027 मीटर) की चोटी पर पहुंचे और इस तरह वह बिना अतिरिक्त ऑक्सीजन के 8,000 मीटर ऊंची चोटियों में से 14 पर चढ़ने वाले नेपाल के पहले पर्वतारोही बन गए। आयोजक ने कहा, इमेजिन नेपाल ट्रेक्स के 11 सदस्यीय दल का नेतृत्व करते हुए मिंगमा जी. 2006 में एडर्न पासाबान द्वारा अपनाए गए स्पेनिश मार्ग से शाम 4-06 बजे शिखर पर पहुंचे। मिंगमा का जन्म पूर्वी नेपाल के दोलखा जिले के रोलवालिंग ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में हुआ था। वह इमेजिन नेपाल ट्रेक्स के प्रबंध निदेशक हैं।

### लेबनान को 157 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता देगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** लेबनान और क्षेत्र में संघर्ष से प्रभावित आबादी के लिए अमेरिका ने मानवीय सहायता देने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए बयान के मुताबिक, अमेरिका नई मानवीय सहायता के रूप में लगभग 157 मिलियन डॉलर प्रदान करेगा। यह फंडिंग लेबनान के अंदर आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों, शरणार्थी आबादी और उनकी मेजबानी करने वाले समुदायों की मौजूदा जरूरतों को पूरा करेगी। इसके अलावा, पड़ोसी सीरिया में भागने वाले नागरिकों के लिए भी सहायता समर्थन करेगी।

### पाकिस्तान – चीनी हितों की रक्षा के लिए 45 अरब रुपये स्वीकृत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार सशस्त्र बलों के लिए 45 अरब रुपये का अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराएगी। इससे नकदी की कमी से जूझ रहे देश में चीन के वाणिज्यिक हितों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का प्रबंधन करने की उसकी क्षमता को मजबूत किया जा सकेगा। यानी चीनी हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान ने सशस्त्र बलों के लिए इस बजट को मंजूरी दी है।

### जेपी मॉर्गन के सीईओ के ट्रंप को समर्थन करने का दावा झूठ निकला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि जेपी मॉर्गन के सीईओ जैमी डीमन ने राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन किया है। हालांकि कंपनी ने बयान जारी कर स्पष्ट कहा है कि डीमन ने किसी का पक्ष नहीं लिया है। दरअसल ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जैमी डीमन की एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसके साथ लिखा था कि जेपी मॉर्गन के सीईओ जैमी डीमन ने राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन किया है। हालांकि बाद में जेपी मॉर्गन के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा है कि डीमन ने किसी का पक्ष नहीं लिया है। वो रिपोर्ट झूठी है। गौरतलब है कि इससे पहले अगस्त में भी ट्रंप ने ऐसे ही एक झूठे पोस्ट को रिपोस्ट कर दावा किया था कि मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट ने उनका समर्थन किया है। हालांकि बाद में टेलर स्विफ्ट ने साफ कहा कि उन्होंने ट्रंप का समर्थन नहीं किया है और बल्कि उन्होंने डेमोक्रेट पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन किया।

### हैरिस के भाषणों में भी जिक्र नहीं, दरकिनार किए जाने से निराश हुए बाइडेन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। सबसे बड़ा घटनाक्रम राष्ट्रपति जो बाइडेन का बैकआउट किआ जाना है। एनबीसी न्यूज के अनुसार, बिडेन इस बात से नाराज हैं कि अमेरिकी राजनीति में दशकों बिताने के बावजूद वह अब राष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा नहीं हैं। मामले से परिचित एनबीसी न्यूज को बताया कि बिडेन राजनीतिक चर्चा में अपनी उपस्थिति की कमी से निराश हो गए हैं। अमेरिकी डिबेट में अब कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रम्प की ही बात होती है। बाइडेन विशेष रूप से इस बात से नाराज हैं कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जिनका नाम खुद उन्होंने आगे बढ़ाया था। लेकिन हैरिस अपने भाषणों में उनका उल्लेख नहीं कर रही हैं। खासकर जब यह अर्थव्यवस्था के बारे में है, जो बिडेन का मानना है कि अपने प्रयासों और नीतियों के कारण सही रास्ते पर हैं। बाइडेन ने जुलाई में अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ बहस में पिछड़ने के बाद छोड़ दी। अपनी हताशा के बावजूद, सूत्रों ने एनबीसी न्यूज को बताया कि बाइडेन हैरिस की जीत के लिए उत्सुक हैं। उनका मानना है कि यह विकास उनकी विरासत और देश के लिए अच्छा होगा। और वह हर संभव तरीके से मदद करने की योजना बना रहा है। एनबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई में राष्ट्रपति पद का नामांकन प्राप्त करने के बाद, हैरिस ने चुनाव प्रचार के दौरान नियमित रूप से बिडेन का उल्लेख किया।

# इजरायल को ट्रंप की सलाह- पहले ईरान के परमाणु ठिकानों पर करो हमला, बाकी चिंता बाद में

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रिपब्लिकन व्हाइट हाउस के उम्मीदवार और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा



कि इजरायल को जवाबी कार्रवाई करते हुए सबसे पहले ईरान के परमाणु ठिकानों को उड़ा देना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति ने उत्तरी कैरोलिना में एक रैली को संबोधित करते हुए इस सप्ताह राष्ट्रपति जो बाइडेन से पूछे गए एक सवाल का जिक्र किया, जिसमें इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाए जाने की संभावना के बारे में पूछा गया था। ट्रंप ने कहा, उन्होंने उनसे पूछा कि आप ईरान के बारे में क्या सोचते हैं? क्या आप ईरान पर हमला करेंगे? उन्होंने कहा, 'जब तक वे परमाणु हथियारों पर हमला नहीं करते। यही वह चीज है जिसे आप खत्म करना चाहते हैं, है न? आपको बता दें कि बुधवार को बाइडेन से पूछा गया कि क्या वह ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले का समर्थन करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा-मेरे पास इसका जवाब नहीं है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, मुझे लगता है कि वह गलत हैं। क्या आपको यही नहीं करना चाहिए? मेरा मतलब है कि हमारे लिए सबसे बड़ा जोखिम परमाणु हथियार है। ट्रंप ने कहा, जब उन्होंने उनसे यह सवाल पूछा, तो जवाब यह होना चाहिए था कि पहले परमाणु बम गिराओ और बाकी की चिंता बाद में करो। अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो वे ऐसा करने जा रहे हैं। लेकिन हम पता लगा लेंगे कि उनकी क्या योजना है। बुधवार को जो बाइडेन ने ईरान की परमाणु शक्ति के खिलाफ इस तरह के हमलों का विरोध किया, जो कि इजरायल की ओर लगभग 200 ईरानी मिसाइलों के दागे जाने के जवाब में था। उन्होंने कहा, हम इजरायलियों के साथ चर्चा करेंगे कि वे क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जी 7 सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि इजरायल को जवाब देने का अधिकार है, लेकिन उन्हें आनुपातिक रूप से जवाब देना चाहिए। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ राष्ट्रपति चुनाव की लड़ाई में उलझे ट्रंप ने हाल ही में मध्य पूर्व में तनाव में वृद्धि के बारे में बहुत कम बात की है।

## अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर हवाई हमले किए

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी की सेना ने ऐसे समय में ये हमले किए हैं जब कुछ ही दिन पहले हूती विद्रोहियों ने यमन में एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल में 'सैन्य अभियान तेज करने' की धमकी दी थी। अमेरिकी की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर शुक्रवार को हमला कर उनकी हथियार प्रणालियों, अड्डों और अन्य उपकरणों को निशाना बनाया। अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की। यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। अधिकारियों के अनुसार, हूती विद्रोहियों के पांच स्थानों पर स्थित विभिन्न ठिकानों पर सैन्य विमानों और युद्धपोतों के जरिए बमबारी की गई। लेकिन बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन हमलों में ब्रिटेन शामिल नहीं था। हूती मीडिया में जारी खबरों में बताया गया कि प्रमुख बंदरगाह शहर होदेदा के हवाई अड्डे तथा हूती नियंत्रण वाले सैन्य अड्डे कथीब पर सात हमले किए गए। इसमें बताया गया कि यमन की राजधानी सना के सेयाना क्षेत्र में चार तथा धमार प्रांत में दो हमले किए गए। हूती मीडिया कार्यालय ने बताया कि सना के दक्षिण-पूर्व में बायदा प्रांत में भी तीन हवाई हमले किए गए। अमेरिकी की सेना ने ऐसे समय में ये हमले किए हैं जब कुछ ही दिन पहले हूती विद्रोहियों ने यमन में एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल में 'सैन्य अभियान तेज करने' की धमकी दी थी।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति से की मुलाकात

**कोलंबो, एजेंसी।** विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की. उन्होंने भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) विजन में द्वीप राष्ट्र के विशेष स्थान की पुष्टि की. जयशंकर ने बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, आज कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से मुलाकात कर सम्मानित महसूस किया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी.

विदेश मंत्री ने कहा, भारत-श्रीलंका संबंधों के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं. दोनों देशों और क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए चल रहे सहयोग को गहरा करने और भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की. राष्ट्रपति चुनावों में अपने गठबंधन की जीत के बाद 23 सितंबर को दिसानायके ने श्रीलंका के नौवें कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी. इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर की पहली पड़ोसी की यह देश यात्रा है. राष्ट्रपति दिसानायके ने एक्स पर पोस्ट किया, श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर आए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की. चर्चा पर्यटन, ऊर्जा और निवेश में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही. डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका की आर्थिक सुधार के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की. मत्स्य पालन, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता पर निरंतर सहयोग के महत्व पर भी चर्चा की गई. जयशंकर की दिसानायके के साथ बैठक से ठीक पहले यह घोषणा की गई कि 50 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है. इन मछुआरों को पिछले महीने



अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के कारण श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था. कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने घोषणा की, घर वापसी! मयिलादुथुराई, पुदुकोट्टई और नागपट्टिनम के 50 भारतीय मछुआरों को आज रिहा कर दिया गया है और उन्हें इस सप्ताह के अंत में श्रीलंका से तमिलनाडु वापस भेज दिया जाएगा. अपने सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी और मित्र के रूप में, भारत श्रीलंका को उसके सबसे खराब आर्थिक संकट से उबारने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर दिसानायके को बधाई देने वाले पहले विदेशी नेताओं में शामिल थे. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनावों में आपकी जीत पर अनुरा दिसानायके को बधाई. भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में श्रीलंका का विशेष स्थान है. मैं अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुमुखी सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं. प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए दिसानायके ने पोस्ट किया, पीएम मोदी, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद. मैं हमारे देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता को साझा करता हूं. साथ मिलकर, हम अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर सकते हैं.

# बांग्लादेशी अंतरिम सरकार के मुखिया से मिला जॉर्ज सोरोस का बेटा, बोला- वह मेरे पिता के 'पुराने मित्र'

**ढाका, एजेंसी।** अमेरिका के अरबपति व्यापारी जॉर्ज सोरोस के बेटे एलेक्स सोरोस ने बुधवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में एलेक्स सोरोस ने यूनुस को अपने पिता का पुराना मित्र बताया। इसके साथ ही एलेक्स ने यूनुस को बांग्लादेश को समानता और निष्पक्षता पर आधारित भविष्य के लिए मार्गदर्शन देने के लिए उनकी तारीफ भी की। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए एलेक्स ने लिखा कि मेरे पिता और फाउंडेशन के पुराने मित्र, नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार से मिलकर खुशी हुई। वह बांग्लादेश को समानता के आधार पर शांति पूर्ण भविष्य की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। दरअसल, एलेक्स सोरोस के पिता जॉर्ज सोरोस की छवि एक कट्टर लेफ्ट के नेता और व्यापारी के रूप में है। उनके फाउंडेशन के ऊपर कई बार अलग-अलग देशों की सरकारों ने तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए उनके फाउंडेशन



को अपने देशों से बैन भी कर दिया है। जॉर्ज सोरोस भारत की मौजूदा सरकार के खिलाफ भी लगातार जहर उगलते रहे हैं। उनको भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धुर विरोधी माना जाता है। वह दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश करने वाले व्यापारियों में से माने जाते हैं। सोरोस के ऊपर लगातार यह आरोप लगते हैं कि वह लोकतांत्रिक देशों के चुनावों में जमकर पैसा खर्च करते और जीतने के बाद देश को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश करते हैं। एलेक्स सोरोस की मुहम्मद यूनुस के साथ यह मुलाकात शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद हो रही है। आवामी लीग की नेता शेख हसीना डेढ़ दशक से ज्यादा समय से बांग्लादेश की सत्ता संभाले हुए थीं। जुलाई और अगस्त के महीने में हुए छात्र आंदोलन ने शेख हसीना को बांग्लादेश की सत्ता छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया। शेख हसीना के सत्ता छोड़ने के बाद सेना ने बागड़ोर अपने हाथों में ले ली लेकिन जल्दी ही छात्रों के दबाव में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया।

## जापान में फटा अमेरिकी बम, मियाजाकी एयरपोर्ट को नुकसान

**टोक्यो, एजेंसी।** दूसरे विश्व युद्ध के समय जापान में भूमिगत रखे गए अमेरिकी बम में ब्लास्ट हो गया है. इस बात की जानकारी जापानी अधिकारियों ने दी. अधिकारियों ने बताया कि दूसरे विश्व युद्ध के समय का संयुक्त राज्य अमेरिका का एक बम, जिसे भूमिगत रखा गया था, एक जापानी हवाई अड्डे पर फट गया, जिसके कारण टैक्सीवे में एक बड़ा गड्ढा बन गया और 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई. भूमि और परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. उन्होंने आगे कहा कि जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में मियाजाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब उस स्थान के आस-पास कोई विमान नहीं था. 500 पाउंड के अमेरिकी बम में विस्फोट अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सेल्फ-डिफेंस फोर्स और पुलिस ने पाया कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था. फिलहाल अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि आखिर द्वितीय विश्व युद्ध के समय के बम में अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ. 80 से अधिक फ्लाइट रद्द न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार स्थानीय जापानी टीवी फुटेज में दिखाया गया है कि हमले की वजह से टैक्सीवे पर कथित तौर पर लगभग 7 मीटर व्यास और 1 मीटर गहरा गड्ढा हो गया. जापान के चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी योशिमासा हयाशी ने बताया कि अचानक हुए विस्फोट के कारण मियाजाकी हवाई अड्डे पर 80 से अधिक फ्लाइट रद्द कर दी गई. विस्फोट की फुटेज रिकॉर्ड मियाजाकी हवाई अड्डे के पास स्थित



एक विमानन स्कूल ने विस्फोट की फुटेज रिकॉर्ड की, जिसमें फव्वारे की तरह हवा में डामर के टुकड़े उड़ते हुए दिखाई दिए. जापानी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में कई ऐसे बम पाए गए हैं जो फटे नहीं थे और जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ने गिराया था. पहले भी मिल चुके हैं बम बता दें कि मियाजाकी हवाई अड्डे के आस-पास बिना फटे बम मिलने की पहले भी कई घटनाएं हुई हैं. इससे पहले जनवरी 2009 में एक निर्माण स्थल पर एक बिना फटा बम मिला था, और जून और नवंबर 2011 में भी रनवे पर लगभग 50 किलोग्राम और 250 किलोग्राम वजन के दो और बम पाए गए थे, जिनके बारे में माना जाता है कि वे द्वितीय विश्व युद्ध के अवशेष हैं।

# ईरानी विदेश मंत्री की नई धमकी- इजराइल ने हमला किया तो देंगे पहले से ज्यादा खतरनाक जवाब

**बेरूत, एजेंसी।** लेबनान की राजधानी बेरूत में तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघाची ने शुक्रवार को इजरायल को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि इजरायल ने ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई की, तो उसका जवाब पहले से कहीं अधिक आक्रामक और शक्तिशाली होगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब मिडिल ईस्ट में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है, और हाल के दिनों में कई हमले हुए हैं जो पूरे क्षेत्र को युद्ध की ओर धकेल सकते हैं।अब्बास अरघाची ने यह बयान लेबनान की संसद के अध्यक्ष नबी बेरी से मुलाकात के बाद दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान किसी भी इजरायली कार्रवाई का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस बार ईरान का जवाब पहले की तुलना में कहीं अधिक जोरदार और प्रभावी होगा। हाल ही में इजरायल और ईरान के बीच तनाव ने एक नया मोड़ लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने इजरायल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागी हैं, जिससे दोनों देशों के बीच हालात और भी तनावपूर्ण हो गए हैं। इसके बाद, ईरान ने अपनी सैन्य तैयारियों को और मजबूत किया है और किसी भी संभावित इजरायली हमले का माकूल जवाब देने का संकल्प व्यक्त किया है। अब्बास अरघाची की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब लेबनान खुद भी इजरायल के साथ तनावपूर्ण संबंधों का सामना कर रहा है। हिज़बुल्लाह के साथ इजरायल की झड़पों के बीच लेबनान एक अहम कड़ी बनता जा रहा है। ईरान का समर्थन हिज़बुल्लाह को भी मिलता रहा है, जो इस क्षेत्र



में एक प्रमुख सैन्य ताकत है। इसलिए, अरघाची की यह यात्रा क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले कुछ दिनों में पश्चिम एशिया में एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पूरा क्षेत्र युद्ध के कगार पर खड़ा है। ईरान ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी भी इजरायली कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा, और इसका जवाब पहले से कहीं अधिक गंभीर और व्यापक स्तर पर दिया जाएगा।ईरान के विदेश मंत्री का यह बयान निश्चित रूप से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा रहा है। अब यह देखना होगा कि इजरायल इस चेतावनी के बाद किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है, और क्या इस संघर्ष को टाला जा सकता है या यह और भड़क सकता है।

## नवरात्रों के दौरान अब तक 1.76 लाख श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए



कटड़ा। माता के भक्तों का तांता बैष्णव धाम में लगा हुआ है। यहां अब पौने दो लाख से ज्यादा भक्तों ने माता के दर्शन किए है। पहले दिन नवरात्र पर 44,800, दूसरे नवरात्र पर 37,700, तीसरे नवरात्र पर 47,500 मैं वैष्णो देवी दरबार पर नमन किया था। तो वहीं रविवार को चौथे दिन 46,092 श्रद्धालुओं ने यात्रा पंजीकरण कक्ष से आरएफआईडी कार्ड हासिल कर वैष्णो देवी भवन की ओर प्रस्थान कर लिया था। आंकड़े बताते हैं कि पहले चार नवरात्रों के दौरान अब तक 1.76 लाख श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी भवन पर माता रानी की प्राकृतिक पिंडियों के समक्ष नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार नवरात्रों के दौरान करीब चार लाख श्रद्धालु वैष्णो देवी दरबार पर नमन करेंगे।पंजीकरण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को उमड़ी भीड़ के चलते जहां पंजीकरण कक्ष को निर्धारित समय से एक घंटा पहले बंद करना पड़ा था। वहीं रविवार को सुबह 4:00 बजे ही पंजीकरण कक्ष को खोल दिया गया। इसके बाद से रात कटड़ा रुके श्रद्धालु यात्रा आरएफआईडी कार्ड हासिल कर वैष्णो देवी भवन की ओर प्रस्थान करते नजर आए।

## नदी तट पर बरामद हुई 120 करोड़ की कोकीन

गांधीधाम ।गुजरात के कच्छ जिले के गांधीधाम शहर के पास नदी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन के दस पैकेट बरामद किए गए हैं। इन पैकेट की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कच्छ-पूर्व के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने कहा, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चलता है कि तस्करों ने गिरफ्तारी के डर से बचने के लिए मादक पदार्थ को नदी के किनारे छिपाया। बागमार ने कहा, एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात नदी तट क्षेत्र की तलाशी ली और 10 मादक पदार्थों के पैकेट बरामद किए, जिनमें कोकीन थी। ये कोकीन शायद तस्करों ने छिपाई थी। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है। इस साल जून में आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने उसी क्षेत्र में 13 कोकीन के पैकेट बरामद किए थे, जिनकी कीमत 130 करोड़ रुपये थी। पिछले साल सितंबर में कच्छ-पूर्व पुलिस ने उसी नदी के क्षेत्र में एक किलोग्राम के 80 कोकीन के पैकेट बरामद किए थे, जिनकी कुल कीम 800 करोड़ रुपये थी।

## महाराष्ट्र में बीजेपी को झटका, हर्षवर्द्धन ने छोड़ी पार्टी, शरद पवार से मिलाया हाथ

### -एनसीपी (सपा) के टिकट पर अपने गृह क्षेत्र इंदापुर से लड़ सकते हैं चुनाव

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की बीजेपी इकाई को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता हर्षवर्द्धन पाटिल सोमवार को बीजेपी छोड़कर शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी गुट में शामिल हो गए। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने उनका स्वागत किया। उन्होंने एनसीपी (सपा) के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। गौरतलब है कि बीजेपी के एक प्रमुख नेता पाटिल ने सबसे पहले इंदापुर विधानसभा सीट पर पार्टी के साथ मतभेद के बाद एनसीपी (सपा) में प्रवेश की पुष्टि की थी, जो वर्तमान में अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को आवंटित की गई है। इससे पहले शरद पवार खेमे में शामिल होने के बारे में मीडिया को अपने फैसले के बारे में पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह विधानसभा चुनाव लड़ें। उन्होंने मुझसे कहा कि चूंकि मेरे समर्थक चाहते हैं कि मैं इंदापुर से चुनाव लड़ूं, इसलिए मुझे फैसला करना चाहिए। मैंने उनसे बात की और फिर पार्टी में शामिल होने का फैसले लिया। गौरतलब है कि पाटिल एनसीपी (सपा) के टिकट पर अपने गृह क्षेत्र इंदापुर से चुनाव लड़ सकते हैं। उनका मुकाबला एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और वर्तमान विधायक दत्तात्रेय भरणे से हो सकता है। पाटिल इंदापुर निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी पर कड़ा रुख नहीं अपनाने के कारण बीजेपी से नाराज थे, उन्होंने पहले 1995, 1999 और 2004 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में सीट जीती थी। बाद में 2009 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए और फिर इस सीट से जीत हासिल की। 2019 में वह बीजेपी में शामिल हो गए और एनसीपी उम्मीदवार भरणे से हार गए थे।

## त्रिशूलिया घाट के निकट बस पलटने से 6 लोगों की मौत, 35 से ज्यादा यात्री घायल

बनासकांठा ।शक्तिपीठ अंबाजी के निकट त्रिशूलिया घाट पर फिर एक बार दुर्घटना हुई है। त्रिशूलिया घाट के निकट यात्रियों से भरी बस पलट गई। इस घटना में 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसे के बाद एंबुलेंस समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक बनासकांठा जिला स्थित विख्यात शक्तिपीठ अंबाजी से यात्रियों को लेकर एक बस दांता की ओर जा रही थी। रास्ते में त्रिशूलिया के निकट बस अचानक पलटी खा गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस 108 को हादसे की सूचना दी। खबर मिलते ही पालनपुर, दांता, अंबाजी से एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जानकारी है कि इस हादसे में 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 35 जितने यात्रियों के घायल होने की खबर है। हादसे के शिकार मृतक और घायल खेडा जिले के कठलाल निवासी होने का पता चला है। हादसे के बाद एसपी और डीवायएसपी समेत पुलिस काफिला मौके पर पहुंच गया और आगे की कार्यवाही शुरू की। त्रिशूलिया घाट के मोड पर बस चालक के स्टेयरिंग से नियंत्रण गंवा देने से हादसा होने की आशंका है।

# नई तकनीकों पर राजनाथ सिंह ने दिया जोर, बोले- आज हम युद्ध और इसकी संभावनाओं के बीच जी रहे हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को 'डिफकनेक्ट 4.0' के आयोजन का उद्घाटण किया। इसमें सशस्त्र बल, रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, नवोन्मेषक और नीति निर्माता स्वदेशी नवाचार को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक मंच पर आएंगे। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां हम दुनिया को वैश्विक गाँव कहकर संबोधित करते हैं। जहां हमें यह लगता है कि लोगों के बीच की दूरियां अब कम हुई हैं। कहने को तो हम सूचान प्रौद्योगिकी के युग में रह रहे हैं, जहां हजार किलोमीटर दूर बैठे किसी व्यक्ति की सूचना हमारे पास सेकंड में पहुंच जाती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम विभिन्न प्रकार के युद्धों और युद्धों की संभावनाओं के बीच जी रहे हैं। इन युद्धों में लगातार नई तकनीकों को शामिल किया जा रहा है। इनमें न केवल पारंपरिक हथियारों और गोला-बारूद का उपयोग किया जा रहा है, बल्कि कई प्रकार के दोहरे उपयोग, या यहां तक ??कि पूरी तरह से नागरिक वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है। उन्हें हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमें इस प्रकार के तकनीकी अनुप्रयोगों को गहराई से समझना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम अपनी रक्षा के लिए इन तकनीकों का कल्पनाशील उपयोग कैसे कर सकते हैं।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यहां, मैं केवल अन्य युद्धग्रस्त दलों के अनुप्रयोगों की नकल के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। इससे आगे बढ़ते हुए मैं आपका ध्यान उन सिस्टम या एप्लीकेशन की ओर



आकर्षित करना चाहूंगा जो नये हैं और हमारे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक द्बष्ठश्वङ्ग ष्ठद्गस्ट, अथवा इस तरह की योजना में, हम आपको अलग-अलग चुनौती देते हैं, और आप इसका समाधान देते हैं। ज़ाहिर है ये समाधान, आपको दिए गए चुनौती पर निर्भर होते हैं, और इसलिए विशिष्ट होते हैं। पर मैं चाहता हूँ, कि आप सभी इन समाधान से आगे बढ़ते हुए, ऐसी प्रौद्योगिकियाँ, जैसे नवाचार ले आएँ जो अब तक की आवश्यकताएं से भी कहीं आगे की चीज़ हों, और वे हमारे रक्षा और सेवाएँ की जरूरत बन जाएँ।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब ऐसा होने लगेगा, तो मैं समझता हूँ यह मंच एक दोतरफा संवाद का मंच बन जाएगा और हम और अधिक सफलतरीके से सामने आएँगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता जैसा बड़ा काम केवल अकेले सरकार अपने दम पर नहीं कर सकती। बल्कि इसके लिए हमें इससे जुड़े हुए सभी हितधारक का साथ जरूरी है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आप सब अब तक सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चले हैं। साथ ही मुझे यह विश्वास भी है कि आगे भी हम सब का यह कनेक्शन और मजबूत होता जाएगा और हम सब मिलकर भारत के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को दुनिया में सबसे मज़बूत और सबसे अधिक आधुनिक बनाएँगे।

## जनगणना में देरी क्यों कर रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, 07 अक्टूबर (वेब वार्ता)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जनगणना में 'विलंब' को लेकर सोमवार को सवाल किया और कहा कि जाति आधारित जनगणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में पूरी तरह से सार्थक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि ताजा जनसंख्या एवं आवास जनगणना आज से शुरू होगी। वहां पिछली बार 2012 में जनगणना हुई थी।' उन्होंने कहा, 'भारत में इसे लेकर क्या हो रहा है? दशकीय जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन अब भी इसके होने के कोई संकेत नहीं हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'हम अब भी 2011 की जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इस वजह से 10 करोड़ से अधिक भारतीयों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 यानी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जनगणना में जाति के प्रश्नों को जोड़ने को लेकर सरकार का क्या विचार है, जैसा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अन्य सभी राजनीतिक दलों द्वारा मांग की जा रही है। रमेश ने कहा, 'अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की विस्तृत गणना 1951 से हर 10 साल में होती रही है। अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य जातियों की भी ऐसी ही विस्तृत गणना की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोज़गार के क्षेत्र में पूरी तरह से सार्थक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। रमेश ने कहा, '''नॉन-बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री जनगणना में देरी क्यों कर रहे हैं, जिसमें जाति आधारित गणना भी होगी?''

## नक्सलवाद से जुड़े सभी युवा हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आएं



### -अमित शाह ने नक्सली कार्रवाई पर छग सीएम, गृहमंत्री को दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा और विकास की समीक्षा के लिए बैठक में कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के सीएम, गृह मंत्री, डीजीपी और पूरी टीम को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने जनवरी से अब तक 194 नक्सली को मार गिराया है। 801 नक्सली गिरफ्तार और 742 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने साफ कहा कि मैं नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील करता हूं। उन्होंने फिर दोहराया कि 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपए खर्च किए गए जबकि 2014-2024 तक हमने 3006 करोड़ रुपए खर्च किए। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दस सालों में 3590 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 10 सालों में 544 सुदृढ़ पुलिस स्टेशन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सड़क नेटवर्क 2090 किमी था, 10 सालों में सड़क नेटवर्क बढ़कर 11,500 किमी हो गया है। पिछले दस सालों में 15,300 मोबाइल टावर लगाए गए हैं और उनमें से 5139 टावरों को 4जी कनेक्शन दिए गए हैं।

शाह ने आगे कहा कि हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7700 हो गई हैं और अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी। नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में 70 फीसदी की कमी आई है। हिंसा की रिपोर्ट करने वाले जिलों की संख्या 96 से घटकर 42 हो गई है। पुलिस स्टेशनों की संख्या 465 से घटकर 171 है जिनमें से 50 पुलिस स्टेशन नए हैं यानी केवल 120 पुलिस स्टेशन हिंसा की रिपोर्ट कर रहे हैं। यह केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयास का नतीजा है।

## खड़गे का आरोप, मोदी अर्थशास्त्र... अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों की तीखी आलोचना की है, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी अर्थशास्त्र को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप करार दिया। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी के पुराने भाषण उनकी विफलताओं को छिपा नहीं सकते और इन नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को संकट में डाल दिया है।

खड़गे ने यूपीए और एनडीए के बीच निर्यात वृद्धि की तुलना की। उन्होंने बताया कि 2013-14 से 2022-23 तक घरेलू देनदारियों में 241 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और घरेलू ऋण का जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 40 प्रतिशत का स्तर अब तक का उच्चतम है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवारों की खपत महामारी के बाद उनकी आय से अधिक हो गई है, सितंबर 2024 में घर में बनी सब्जी की थाली की कीमत में पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



खड़गे ने मेक इन इंडिया की विफलता का जिक्र कर कहा कि कांग्रेस-यूपीए के दौरान भारत के बढ़ते निर्यात के लाभों को मोदी की नीतियों ने त्याग दिया। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र की औसत वृद्धि दर में गिरावट का भी उल्लेख किया, यह बताकर कि 2014-15 से 2023-24 के बीच औसत वृद्धि दर सिर्फ 3.1 प्रतिशत रही, जबकि 2004-05 से 2013-14 के बीच यह 7.85 प्रतिशत थी। इसके अलावा, विनिर्माण में कार्यरत श्रमिकों का हिस्सा 15.85 प्रतिशत (2017-18) से घटकर 11.4 प्रतिशत (2023-24) हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सूरत के हीरा कारीगरों की कठिनाइयों का जिक्र किया, जहां श्रमिकों के वेतन में 30 प्रतिशत तक की कटौती की गई है और प्रमुख हीरा इकाइयों को केवल सप्ताह में 4 दिन संचालित होने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 महीनों में 60 से अधिक हीरा कारीगरों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 में मनरेगा के तहत काम की मांग घटकर सिर्फ 1.6 करोड़ रह गई है, जो अक्टूबर 2022 के बाद सबसे कम मासिक मांग है। खड़गे ने कहा, मोदी अर्थशास्त्र भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक अभिशाप है!

## बिहार को अब प्रशांत किशोर बनाना चाहते हैं नई राजनीति की प्रयोगशाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)**।बिहार बदलाव का मंच बनता जा रहा है। देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी ने बिहार के चंपारण की धरती को ही चुना, जिसकी गूंज कुछ ही दिनों में देश भर में होने लगी। व्यवस्था परिवर्तन के आह्वान के साथ जय प्रकाश नारायण ने बिहार से 1974 में शंखनाद किया। परिणाम सबको पता है। 1977 में आजादी के वक्त से ही देश की सत्ता में सिरमौर बने नेहरू परिवार की बेटी इंदिरा गांधी का लोकसभा चुनाव में सफाया हो गया था। ये तो पुरानी बातें हो गईं। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के संबंध में इसे अभी परखा जाना है। बिहार में सभी अच्छे कामों की ही शुरुआत हुई हो, ऐसा नहीं है। देश की राजनीति में हलचल मचाने वाली कास्ट पॉलिटिक्स की भी जननी बिहार ही है। पीएम रहते विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जब पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए बीपी मंडल आयोग की सिफारिशें लागू कीं तो इसका सबसे अधिक प्रभाव बिहार में ही पड़ा। सामाजिक तौर पर मार-काट तो मची ही, राजनीति की धारा भी बदल गई। जातिवादी धारा की राजनीति शुरू हुई। नई राजनीति के ध्वजवाहक बने लालू प्रसाद यादव। इसका लाभ भी उन्हें मिला और लगातार 15 साल बिहार की कमान उनके और उनकी पत्नी के हाथ रही। यह धारा अब भी बरकरार है, जिसे ध्वस्त कर नई धारा की राजनीति शुरू करने का श्रीगणेश किया है प्रशांत किशोर ने। अब सवाल यही है कि क्या प्रशांत किशोर बिहार को राजनीति की प्रयोगशाला बनाने जा रहे हैं।




### उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का दावा

# नेहरू ने किया शिवाजी महाराज का अपमान... माफी मांगे राहुल गांधी

**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग जारी है। छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वार किया था। इसके बाद भाजपा की ओर से पलटवार कर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने एक ऐसा दावा कर दिया जिससे कांग्रेस लाल हो गई है। दरअसल, फडणवीस ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू द्वारा शिवाजी महाराज का अपमान किया गया था और राहुल गांधी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

यह दूसरी बार है कि फडणवीस ने सिंधुदुर्ग में 35 फुट ऊंची शिवाजी महाराज की प्रतिमा के ढहने पर विपक्ष की आलोचना का जवाब देने के लिए इस विषय को उठाया है, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अनावरण किया था। फडणवीस ने कहा कि शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा के अनावरण के लिए राहुल गांधी कोल्हापुर में हैं। वह अब



शिवाजी को याद कर रहे हैं, लेकिन नेहरू की पुस्तक में शिवाजी महाराज का किए गए अपमान के लिए पहले राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दावा किया है कि नेहरू ने अपनी पुस्तक द डिस्कवरी ऑफ इंडिया में शिवाजी महाराज की ''खराब छवि'' पेश की है।

इसके पहले दिन में, राहुल गांधी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण किया। यह दूसरा मौका है जब फडणवीस ने नेहरू पर शिवाजी महाराज के अपमान का आरोप लगाया है। प्रतिमा का अनावरण करने से पहले राहुल गांधी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेकर कहा कि पार्टी की विचारधारा सही नहीं है। राहुल गांधी ने कहा, लोगों को भयभीत करने, देश में संविधान और संस्थानों को बर्बाद करने के बाद शिवाजी महाराज के समक्ष शीश झुकाने का कोई औचित्य नहीं है।''

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने फडणवीस आड़े हाथ लिया। पटोले ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता को अगस्त में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के मामले में पहले माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता पटोले ने कहा कि फडणवीस छत्रपति शिवाजी पर नेहरू की टिप्पणी को लेकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू ने जेल में रहने के दौरान किताब लिखी। रिहा होने के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणियों को संशोधित कर माफी भी मांगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पहले कहा था कि फडणवीस को बताना चाहिए कि उन्होंने किताब कब पढ़ी। नेहरू ने अपने पहले संस्करण में संशोधन किया था।

## सीएम सिद्धारमैया का बड़ा दांव, 18 अक्टूबर को कैबिनेट में पेश कर सकते हैं जाति जनगणना रिपोर्ट

**बेंगलुरु (एजेंसी)**। कर्नाटक में जाति जनगणना रिपोर्ट में आखिरकार कुछ गति देखने को मिल सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को घोषणा की कि वह इसे 18 अक्टूबर को कैबिनेट के सामने ला सकते हैं, क्योंकि उन पर ओबीसी समुदायों के विधायकों का भारी दबाव था और उन्होंने उनसे ऐसा करने का आग्रह किया था। इससे पहले दिन में, सीएम ने विधान सौध में मंत्रियों, विधायकों और ओबीसी समुदायों के नेताओं के साथ बैठक की। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा, ये नेता अपनी पार्टी लाइनों से ऊपर उठे और रिपोर्ट को लागू करना चाहते थे। प्रमुख समुदायों की ओर से आ रहे विरोध पर सीएम ने कहा कि वह कैबिनेट की सलाह मानेंगे।

राज्य के स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले फरवरी में 13-खंड की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रिपोर्ट सीएम को सौंपी थी। हालाँकि, सरकार ने रिपोर्ट की सामग्री को गुप्त रखा है। सीएम ने कहा कि उन्होंने अभी तक रिपोर्ट नहीं देखी है। एच कंथाराजू आयोग ने सीएम के रूप में अपने पहले कार्यकाल (2013-2018) के दौरान घरों का दौरा करके सर्वेक्षण किया और रिपोर्ट तब तैयार हुई जब एचडी कुमारस्वामी सीएम थे। हालाँकि, एचडीके इस रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुई और ऐसा ही बाद की भाजपा सरकार ने भी किया।

विपक्षी दलों समेत 30 विधायकों ने बैठक कर रिपोर्ट लागू करने की मांग की है। यह सर्वेक्षण सिर्फ ओबीसी समुदायों की जनगणना नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा, यह सात करोड़ कन्नडिगाओं



का एक व्यापक सर्वेक्षण है, और कर्नाटक इस तरह का सर्वेक्षण करने वाला पहला राज्य था। बिहार सरकार द्वारा पिछले साल अक्टूबर में जातियों का सर्वेक्षण जारी करने के बाद सिद्धारमैया शासन पर रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का दबाव था, जिसके अनुसार ओबीसी और अत्यंत पिछड़ा वर्ग राज्य की आबादी का 63प्र. से अधिक हिस्सा बनाते हैं।

राज्य के सबसे बड़े समुदाय वीरशैव-लिंगायत और वोक्कालिगा जाति जनगणना रिपोर्ट पर किसी भी कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इन समुदायों को चिंता है कि अगर रिपोर्ट पर असर पड़ा तो वे अवसर और राजनीतिक ताकत खो देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले साल दिसंबर में राज्यसभा में कहा था कि जाति जनगणना के विरोध में सभी ऊंची जातियां एकजुट हैं, जिनमें उनकी अपनी पार्टी के सदस्यों के साथ-साथ भाजपा के लोग भी शामिल हैं। वीरशैव महासभा और वोक्कालिगरा संघ दोनों के साथ-साथ कई कांग्रेस विधायकों ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों का विरोध किया है।

## बिहार में डिप्टी सीएम के बंगले पर सियासत, बीजेपी का आरोप, सरकारी आवास से बेड, बेसिन, 20 एसी और टोंटी उखाड़ ले गए तेजस्वी

**पटना (एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके लोगों ने सरकारी बंगला खाली करने से पहले उसमें से बिस्तर और सोफे, वॉश बेसिन और पानी के नल सहित फर्नीचर गायब कर लिए। यह घटनाक्रम मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उस आवास में स्थानांतरित होने की पृष्ठभूमि में आया है, जो पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के पास था। सम्राट चौधरी को हाल ही में पटना में 5 देशरत्न रोड पर बंगला आवंटित किया गया था और वह विजयादशमी के शुभ अवसर पर इसमें रहने वाले हैं।

मंत्री और भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बंगला खाली होने पर सरकारी सामान वहीं रह जाता है। उसे हटाना गलत है और अगर ऐसा किया गया है तो सरकार इसे देखेगी। सम्राट चौधरी के सरकारी आवास में शिफ्ट होने से पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। तेजस्वी यादव पर सरकारी बंगले में पानी के नल और लाइट समेत जरूरी सामान लूटने का आरोप लगा है। सम्राट चौधरी के निजी सचिव शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि हम सामने ला रहे हैं कि कैसे डिप्टी सीएम के घर से सामान लूटा गया है। जब सुशील मोदी इस घर में शिफ्ट हुए थे, तो वहां दो हाइड्रोलिक बेड थे, मेहमानों के लिए सोफा सेट थे और यह प्रेस सहित हर जगह देखने के लिए था। वे सभी चीजें गायब हैं।

उन्होंने दावा किया कि 20 से अधिक स्प्लिट एसी गायब हैं। ऑपरेशन रूम में कोई कंप्यूटर या कुर्सी नहीं है। किचन में कोई फ्रिज या आरओ नहीं है। दीवारों से लाइटें गायब हैं। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, जिन्होंने परिसर का निरीक्षण भी किया, ने कहा, ÷सम्राट चौधरी को यह बंगला आवंटित किया गया है और उन्हें नवरात्रि में इस घर में स्थानांतरित होना था। वॉश बेसिन, पानी के नल और फर्नीचर जैसी आवश्यक चीजें गायब हैं। हाइड्रोलिक बिस्तर हटा दिया गया है। बैडमिंटन कोर्ट में चटाई हटा दी गई है। जिम खाली है, कोई व्यायाम मशीनें नहीं हैं।'

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने भी भाजपा के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि यह पहले से ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि तेजस्वी ने अपने पद से हटने के इतने लंबे समय बाद सरकारी बंगला खाली कर दिया। इस बीच, राजद ने आरोपों का खंडन किया, क्योंकि पार्टी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने दावा किया कि भाजपा तुच्छ राजनीति में शामिल है।

